E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
22 अक्टूबर, 2026
गुरुवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 99 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) — सोच नई, राजस्थान के लिए — मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

राहुल गांधी विदेश में भारत में 'रेजीम चेंज' यानी सत्ता परिवर्तन की रणनीति बनाने गए, भारत में अराजकता फैलाकर उन्हें राजनीतिक रूप से लॉन्च करने की कोशिश हो रहीः पात्रा

'रेजीम चेंज' के नाम पर भारत में चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश हो रही है : भाजपा

साजिशों का विरोध करने और देश की संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा करने की अपील की

नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कहा कि आशुतोष रांका और सौरभ दास की न्यायिक हिरासत तिरंगा फहराने के कारण नहीं, बल्कि पीस बॉन्ड की शर्तों के उल्लंघन के कारण हुई। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद डॉ. संबित पात्रा ने बुधवार को भुवनेश्वर, ओडिशा में प्रेस वार्ता को संबोधित किया और कहा कि उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन 1 नवंबर को रामलीला मैदान में प्रस्तावित प्रदर्शन के जरिए अराजकता फैलाकर सत्ता परिवर्तन की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने 1984 के सिख नरसंहार का उल्लेख करते हुए जनता से लोकतांत्रिक तरीके से ऐसी कथित साजिशों का विरोध करने और देश की एकता व संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा करने की अपील की। डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि आज हम कुछ खुलासे करेंगे और कुछ लोगों के मंसूबे, उनके काले इरादे किस प्रकार उजागर हुए हैं, उन्हें भी सामने रखेंगे। कुछ घंटे पहले हमने देखा कि सीजेपी की न्यायिक हिरासत में मौजूद कार्यकर्ताओं द्वारा स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती दिए जाने के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। पूरे देश में एक माहौल बनाया गया। पिछले कुछ दिनों से यह माहौल बनाया जा रहा था कि कुछ लोग हिंदुस्तान का झंड(ा, भारत का तिरंगा, फहराना चाहते हैं, लेकिन भारत सरकार कितनी तानाशाही है कि वह इन लोगों को भारत का झंडा फहराने से रोक रही है। चंद लोगों ने पूरे देश में इस प्रकार का माहौल बनाने की कोशिश की। इन लोगों ने भारत की जनता को गुमराह करने का

प्रयास करते हुए कहा कि उन्हें हिरासत में इसलिए लिया गया और कस्टडी में इसलिए रखा गया, क्योंकि वे केवल भारत का तिरंगा फहराना चाहते थे।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि आज जब आशुतोष रांका और सौरभ दास की न्यायिक हिरासत के मामले में सुनवाई हुई, तो दिल्ली हाई कोर्ट ने जो प्रश्न पूछे, उन्हें पूरे देश को जानना चाहिए। उनकी न्यायिक हिरासत तिरंगे को लेकर नहीं हुई है, बल्कि उस पीस बॉन्ड की शर्तों का पालन नहीं करने के कारण हुई है, जिस पर उन्होंने हस्ताक्षर किए थे। जब पहली बार आशुतोष रांका और सौरभ दास हिरासत में लिया गया था, तब उन्होंने एक पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें उन्होंने आश्वासन दिया था कि बाहर आने के बाद वे ऐसा कोई कार्य नहीं करेंगे, जिससे देश में अशांति फैले और शांति भंग हो। लेकिन बाहर निकलने के कुछ ही घंटों के भीतर उन्होंने अपने पीस बॉन्ड की शर्तों का उल्लंघन कर दिया। आज इसी बात का खुलासा हुआ है। उन्होंने जो विक्टिम कार्ड खेलते हुए पूरे मामले को पेश किया था, वह आज दिल्ली हाई कोर्ट के प्रश्नों के सामने तार-तार हो गया है।

भारत की तीव्र प्रगति से बौखलाई विदेशी ताकतें, घर में छिपे हुए गद्दारों से पूरी तरह सावधान रहने की जरूरतः त्रिवेदी

नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की तीव्र प्रगति से बौखलाई विदेशी और स्वदेशी राष्ट्र-विरोधी शक्तियां एक गहरी दुर्भिसंधि के तहत देश को अस्थिर करने का षड्यंत्र रच रही हैं। प्रधानमंत्री के विजय दशमी संदेश का स्मरण कराते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि इन शक्तियों का मुख्य उद्देश्य सत्ता में लूट मचाना, समाज में फूट डालना और सनातन धर्म व भारतीय संस्कृति का विनाश कर 'रिजीम चेंज' (तख्तापलट) करना है। रावण के दस सिरों की भांति नित नए भ्रामक मुद्दे जैसे ईवीएम, एलआईसी, सेबी आदि उठाकर देश के विकास मार्ग को अवरुद्ध करने वाली इन छद्म वेशधारी आसुरी शक्तियों की वास्तविकता को पहचानना अत्यंत आवश्यक है, इसलिए देश के हर नागरिक को जागरूक होकर अपने ही घर में छिपे हुए इन गद्दारों से पूरी तरह सावधान रहना चाहिए।

त्रिवेदी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत जिस गति, शक्ति और दिशा से प्रगति की राह पर बढ़ते हुए संपूर्ण विश्व में अपना प्रभावी स्थान बना रहा है, वह अनेक शक्तियों को रास नहीं आ रहा

- भाजपा प्रवक्ता ने कहा शक्तियों का लक्ष्य समाज में फूट डालना, सत्ता में लूट मचाना है
- वे भारत की संस्कृति और हिंदू धर्म के प्रति नफरत फैलाने की कोशिश करते हैं यही उनका प्रयास है

है। वे शक्तियां देश के बाहर भी हैं और देश के अंदर भी। दोनों ही शक्तियों में एक दुर्भिसंधि बहुत स्पष्ट दिखाई पड़ रही है। इस समय संपूर्ण विश्व और यूरोप में भी जो कुछ दिखाई पड़ रहा है, वह इस विषय के बारे में और अधिक स्पष्ट चित्र देश के हर नागरिक के मन में स्थापित कर रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने विजय दशमी के दिन एक बहुत स्पष्ट संदेश पूरे देश को दिया है कि इस समय जो शक्तियां भारत को अस्थिर करने में लगी हैं, उनके तीन मुख्य आधार हैं- पहला सत्ता में आने पर लूट, दूसरा समाज में फूट और तीसरा भारतीय संस्कृति तथा धर्म से घृणा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि उन शक्तियों का लक्ष्य समाज में फूट डालना, सत्ता में लूट मचाना है। उनके दिल में भारतीय संस्कृति एवं हिंदू धर्म के प्रति नफरत है। ये वही लोग हैं जो सनातन धर्म के उन्मूलन (इरडिकेशन ऑफ सनातन धर्म) की कॉन्फ्रेंस करते हैं और वैश्विक स्तर पर 'डिस्मेंटलिंग ग्लोबल हिंदुत्व' के अभियान को लेकर चलते हैं। वे भारत की हर संस्था के बारे में भ्रामक प्रचार करते हैं। उन्होंने त्योहारों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ये भारत के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। गत वर्ष नवरात्रि से लेकर दीपावली और छठ पूजा तक लाखों करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था और इस बार उससे भी अधिक होने की संभावना है।

सरकार की कार्रवाई की आलोचना को सिरे से खारिज कर दिया

अमेरिका में विरोध-प्रदर्शन रोजाना का सिलसिला भारत में तो लोकतंत्र के साथ होते चुनावः रुबियो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की अगुवाई में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बीते कुछ दिनों से राष्ट्रीय राजधानी समेत देश के बाकी राज्यों में जारी विरोध-प्रदर्शनों पर भारत की धरती से पहली बार अमेरिका की एक बेहद महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें खुद विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने साफ शब्दों में अमेरिकी सांसदों और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के 20 विशेषज्ञों द्वारा मामले पर की गई भारत सरकार की कार्रवाई की आलोचना को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में क्या अमेरिका में तो इस तरह के विरोध, प्रदर्शन हर रोज होते हैं? भारत एक लोकतंत्र है और यहां पर चुनाव होते हैं। ऐसे में प्रदर्शनों से जुड़ा मामला पूरी तरह से नई दिल्ली की घरेलू राजनीति से जुड़ा हुआ है यानी ये इनका एक आंतरिक मुद्दा है। जिस पर हम कुछ भी टिप्पणी नहीं करना चाहेंगे। यहां बता दें कि रुबियो अपनी पत्नी जीनेट के साथ बीते 20 अक्टूबर से भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। जिसके तहत सबसे पहले मुंबई में भारतीय विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठक हुई। इसके बाद बुधवार को उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी है।

सीजेपी के प्रदर्शनों पर सरकार की कार्रवाई का विरोध करते अमेरिकी सांसदों, यूएन विशेषज्ञों की टिप्पणी को विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने किया सिरे से खारिज



यूएन विशेषज्ञों को बताया 'विरोधाभास'

उन्होंने यूएन विशेषज्ञों के बयानों को लेकर कहा कि वो मेरे पसंदीदा हैं। लेकिन मैं ये भी कहना चाहूंगा कि वो अपने आप में ही विरोधाभास है। जहां तक विरोध-प्रदर्शनों की बात है, तो मेरे विचार में भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां पर चुनाव भी होते हैं। साथ ही हमें ये समझना होगा कि प्रदर्शन और दंगों के बीच बुनियादी अंतर होता है। लेकिन यहां यह भी बताना जरूरी है कि मैं उन घटनाओं की बात नहीं कर रहा हूं, जिनमें हिंसा, आगजनी और भवनों में तोड़फोड़ की जाती है। सार्वजनिक रूप से सड़कों पर उतरकर सत्ता के खिलाफ विरोध, प्रदर्शन करना इस बात का स्पष्ट संकेत हो सकता है कि देश में राजनीतिक वाद-विवाद और असहमति के लिए पर्याप्त स्थान मौजूद है।

क्यूबा की दी मिसाल

रुबियो ने क्यूबा का उदाहरण देते हुए समझाया कि वहां पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच की स्थिति बेहद जटिल है। हालात तब और भी गंभीर हो जाते हैं। जब विपक्ष सरकार के विरोध में खड़ा होता है या अपनी आवाज बुलंद करने की कोशिश करता है। क्योंकि उस दौरान उसे अपने ही देश में दमन, हिंसा या निर्वासन जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, मुद्दे को भारत के परिपेक्ष्य में देखें तो यहां लोकतंत्र है और चुनाव भी होते हैं। इसलिए किसी भी तरह का फैसला करने का अधिकार आम नागरिकों के पास ही है, उन्हें ही करना चाहिए।

सीजेपी के प्रदर्शनों की असली वजह

गौरतलब है कि सीजेपी का आरोप है कि सीईसी ज्ञानेश कुमार ने सरकार के इशारे पर एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। देशभर से 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। इस मसले को ज्यादा हवा उस वक्त मिली। जब सीजेपी को कांग्रेस व अन्य राजनीतिक दलों का भी बड़े पैमाने पर साथ मिला। सभी एकजुटता से सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। सीजेपी के हौसले फिलहाल इसलिए भी बढ़े हुए हैं। क्योंकि पूर्व में उनके द्वारा नीट पेपरलीक मामले पर केंद्र की तरफ से संसद में मौजूदा कानून में संशोधनों के जरिए बड़े बदलाव करने के बाद भी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था।

पंचायत चुनावः पहले चरण में 16 जिला परिषदों और 104 पंचायत समितियों में मतदान आज

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान के पंचायती राज संस्थाओं में गुरुवार को पहले चरण में 16 जिला परिषदों और 104 पंचायत समितियों में वोटिंग होगी। पहले चरण में 85 लाख 07 हजार 306 वोटर 6926 उम्मीदवारों में से जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य चुनेंगे। एक वोटर दो पदों के लिए वोट डालेगा। इसके लिए मतदान केंद्र पर दो ईवीएम होंगी। एक ईवीएम से वोट डालने के बाद मतदाता दूसरी ईवीएम से वोट डालेगा। जिला परिषद और पंचायत समिति मेंबर के चुनावों में कांग्रेस और बीजेपी के बीच ही मुख्य मुकाबला है। आदिवासी इलाकों में बीटीपी और कई इलाकों में आरएलपी और निर्दलीय भी प्रभावशाली हैं। चुनाव में 43.86 लाख पुरुष मतदाता और 41.20 लाख महिला मतदाता है।

पैरा एशियन गेम्सः भारत के मेडल्स की संख्या 62 हुईः 27 मेडल और जीते; 5 गोल्ड, 11 सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज

नई दिल्ली। भारत ने पैरा एशियन गेम्स के तीसरे दिन बुधवार को 27 मेडल जीत लिए हैं। इनमें 5 गोल्ड, 11 सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत के अब 14 गोल्ड समेत कुल 62 मेडल हो गए हैं। इनमें 22 सिल्वर और 26 ब्रॉन्ज शामिल हैं। टीम इंडिया मेडल टैली में पांचवे स्थान पर है। आयुष 8.16 मीटर थ्रो के साथ पहले स्थान पर रहे। आयुष का दूसरा मेडल है। वे एक ब्रॉन्ज भी जीत चुके हैं। ईरान के अलीरेजा हेमामी ने 8.09 मीटर थ्रो के साथ सिल्वर जीता। कजाकिस्तान के मखाम्बेट सेरिक्कलीयेव 6.81 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। F53 कैटेगरी उन फील्ड एथलीट्स के लिए है, जिनके धड़ और पैरों की गतिविधियां प्रभावित होती हैं। खिलाड़ी बैठकर मुकाबला करते हैं। इस कैटेगरी में हाथों की पकड़ पर असर कम होता है। पुरुषों की हाई जंप टी64 स्पर्धा में प्रवीण कुमार ने 2.05 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक

जीता। उन्होंने 2.02 मीटर के अपने पिछले गेम्स रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नया रिकॉर्ड बनाया। बंटी ने 1.92 मीटर की व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर रजत पदक अपने नाम किया। इस कैटेगरी वे पैरा-एथलीट हिस्सा लेते हैं। जो निचले हिस्से (जैसे घुटने के नीचे) में दिव्यांगता के कारण प्रोस्थेसिस (कृत्रिम अंग) का उपयोग करके ट्रैक और फील्ड इवेंट (जैसे ऊंची कूद या लंबी कूद) में भाग लेते हैं।

बीफ न्यूज

दावा- CM मान को दिल्ली एयरपोर्ट पर 3 घंटे रोका, चालान काटा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (AAP) ने मंगलवार को दावा किया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को दिल्ली एयरपोर्ट पर तीन घंटे रोका गया। AAP के मुताबिक, पेरिस से लौटने के बाद अधिकारियों ने मान का 50 हजार रुपए का चालान भी काटा। अधिकारियों ने इसके पीछे ऊपर से बहुत दबाव होने की बात कही। दिल्ली के पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने X पर पोस्ट कर कहा कि जैसे दशहरे पर रावण का घमंड खत्म हुआ था, वैसे ही केंद्र सरकार का अहंकार टूटना चाहिए। मान पेरिस में 17 से 21 अक्टूबर तक चल रहे अंतरराष्ट्रीय फूड ट्रेड एग्जीबिशन SIAL पेरिस 2026 में शामिल हुए थे। केंद्र के फैसले के खिलाफ मान को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने फ्रांस दौरे की परमिशन दी थी।

SBI के 4,000 ग्राहकों का डेटा लीकः डार्क वेब पर नाम और नंबर

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के करीब 4,000 ग्राहकों का डेटा डार्क वेब पर लीक हो गया है। बैंक ने डेटा लीक की जांच भी शुरू कर दी है। SBI ने बुधवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। बैंक ने बताया कि डार्क वेब पर लीक डेटा में से 3,897 कस्टमर रिकॉर्ड्स में पर्सनली आइडेंटिफिएबल इनफार्मेशन (PII) पाई गई है। PII यानी नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल, पता, आधार या बैंक CIF नंबर जैसी डिटेल्स हैं।

एसबीआई के ग्राहकों का डेटा डार्क वेब पर लीक

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने 3,897 ग्राहकों की निजी जानकारियां डार्क वेब पर लीक होने की पुष्टि की है। ग्राहकों के नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल, जन्मतिथि, पता, बैंक शाखा का विवरण आदि शामिल हैं। बैंक को 16 अक्टूबर को थ्रेट इंटेलिजेंस एजेंसी, डिफेंस साइबर एजेंसी और भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) से अलर्ट मिला था। इसके बाद बैंक ने आंतरिक जांच शुरू की। डार्क वेब पर मिले करीब 3.75 लाख संदिग्ध रिकॉर्ड की जांच में 3,897 प्रविष्टियों में एसबीआई ग्राहकों की वास्तविक जानकारियां पाई गईं। बता दें डार्क वेब इंटरनेट का वह छिपा हुआ हिस्सा है जिसे साधारण सर्च इंजन (जैसे गूगल) से नहीं खोजा जा सकता। इसे एक्सेस करने के लिए खास ब्राउजर की जरूरत होती है। अपराधी अक्सर चोरी किया गया डेटा खरीदने और बेचने के लिए इस्तेमाल करते हैं।

» अंदर विशेष

- सीकरः पुलिस-अर्द्धसैनिक बलों के शहीदों को सलामी

...पढ़े पेज 2 पर

दीवाली से पहले बाजार में खुशियों की आतिशबाजी : जियो प्लेटफॉर्म्स आईपीओ : अब तक 3.16 गुना गुना सब्सक्राइब, क्यूआईबी कैटेगरी 9.42 गुना सब्सक्राइब

भारत का सबसे तेज आईपीओ

पहले 100 मिनट में ही पूर्ण और बोलियां 69,745 करोड़ के 'पार'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश के सबसे बड़े 30,213 करोड़ के जियो आईपीओ को पहले ही दिन 3.16 गुना सब्सक्रिप्शन मिल गया। बुधवार को जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ पर निवेशकों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। करीब 30.5 लाख आवेदन आए और एंकर निवेशकों से अलग, सार्वजनिक सब्सक्रिप्शन में करीब 69,745 करोड़ की बोलियां मिलीं। बड़े संस्थागत निवेशकों (क्यूआईबी) की कैटेगरी 9.42 गुना सब्सक्राइब हो गई। कर्मचारियों और रिलायंस शेयरहोल्डर्स के लिए रिजर्व कोटे भी पूरी तरह भर गए हैं। अब तक जियो आईपीओ को कुल मिलाकर करीब 3.20 लाख करोड़ की बोलियां मिल चुकी है। इसमें एंकर निवेशकों की करीब 2.50 लाख करोड़ और गैर-एंकर निवेशकों की करीब 70,000 करोड़ की बोलियां शामिल हैं।

यह आईपीओ डिजिटल सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में जियो की विस्तार महत्वाकांक्षा का एक बड़ा परीक्षण है। कंपनी का 53.3 करोड़ का ग्राहक आधार इन कारोबारों की नींव

- करीब 30.5 लाख आवेदन, कर्मचारी और शेयरहोल्डर कोटे भी फुल
- जुटाने थे 30,213 करोड़ रुपए
- मूल्य प्रति शेयर 1,065 से 1,119 रुपए निर्धारित किया गया

मुकेश अंबानी

रिटेल कैटेगरी में यह अब तक की सबसे बड़ी बोली राशि

जियो आईपीओ में कर्मचारियों का कोटा 1.36 गुना और शेयरहोल्डर कोटा 1.46 गुना सब्सक्राइब हुआ। कर्मचारियों के लिए 500 करोड़ और पात्र रिलायंस शेयरहोल्डर्स के लिए 2,500 करोड़ तक के शेयर रिजर्व हैं। गैर-संस्थागत निवेशकों की कैटेगरी 1.68 गुना और रिटेल कैटेगरी 73 फीसदी सब्सक्राइब हुई। रिटेल कैटेगरी में पहले ही दिन करीब 6,908 करोड़ की बोलियां आना भी एक रिकॉर्ड है। किसी भारतीय आईपीओ के पहले दिन रिटेल कैटेगरी में यह अब तक की सबसे बड़ी बोली राशि है।

पहले ही दिन 316 फीसदी सब्सक्राइब

-साल 2026 के दूसरे बड़े आईपीओ से तुलना करें तो जियो की शुरुआत काफी तेज रही। इस साल जियो के अलावा तीन सबसे बड़े आईपीओ में एनएसई को पहले दिन 42 फीसदी, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट को 68 फीसदी और मणिपाल हेल्थ को महज 15 फीसदी सब्सक्रिप्शन मिला था। इनमें से कोई भी आईपीओ पहले दिन पूरी तरह सब्सक्राइब नहीं हो पाया था। इसके मुकाबले जियो का आईपीओ पहले ही दिन 316 फीसदी सब्सक्राइब हुआ है।

निवेश के लिए अभी दो दिन बाकी

जियो के पहले दिन के सब्सक्रिप्शन ने हुंडई मोटर इंडिया के पूरे बिडिंग पीरिएड के सब्सक्रिप्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। जियो से पहले देश के सबसे बड़े आईपीओ का रिकॉर्ड हुंडई के नाम था। अक्टूबर 2024 में आए हुंडई आईपीओ को पहले दिन महज 18 फीसदी सब्सक्रिप्शन मिला था। पूरे बिडिंग पीरियड में भी यह सिर्फ 2.37 गुना सब्सक्राइब हुआ था। खास बात यह है कि जियो आईपीओ में निवेश के लिए अभी दो दिन बाकी हैं। आईपीओ 23 अक्टूबर तक खुला रहेगा। ऐसे में निवेशकों के पास इसमें आवेदन करने के लिए अभी और समय है।

- संस्थागत निवेशक देश के इस सबसे बड़े आईपीओ की मांग में अग्रणी रहे
- जियो ने पहले ही दिन पार किया हुंडई के पूरे बिडिंग पीरियड का सब्सक्रिप्शन
- यह निर्गम 23 अक्टूबर तक खुला रहेगा

एयरपोर्ट पर दिखी बॉलीवुड स्टार्स की रौनक, एक्टर ईशान खट्टर और दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान वेब सीरीज 'द रॉयल्स' के शूटिंग के लिए पहुंचे

एक्टर ईशान खट्टर ने 'खम्मा-घणी' कहकर फैन्स का जीता दिल: लक्ष्यराज सिंह भी नजर आए

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर एयरपोर्ट पर बुधवार को बॉलीवुड स्टार और शाही परिवार से जुड़ी हस्तियों की रौनक देखने को मिली। एक्टर ईशान खट्टर और दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान अपनी वेब सीरीज 'द रॉयल्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग के लिए जयपुर पहुंचे हैं। ईशान खट्टर ने 'खम्मा घणी' कहकर फैन्स का अभिवादन किया। वहीं, महाभारत में अर्जुन का किरदार निभाकर घर-घर में पहचान बनाने वाले सीनियर एक्टर फिरोज खान और अभिनेत्री अवनीत कौर जयपुर से मुंबई के लिए रवाना हो गई है। उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को भी एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। वे चार्टर प्लेन से जयपुर पहुंचे और करीब आधा घंटा यहां बिताने के बाद रवाना हो गए। एक्टर ईशान खट्टर इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'द रॉयल्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग जयपुर और आस-पास की लोकेशन पर बिजी है। बुधवार को वे एक बार फिर जयपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर मीडिया और फैन्स को देखकर उन्होंने राजस्थानी अंदाज में 'खम्मा घणी' कहकर अभिवादन किया। इस दौरान उन्होंने जयपुर को लेकर अपनी उत्सुकता भी जाहिर की। ईशान की इस प्रतिक्रिया ने एयरपोर्ट पर मौजूद प्रशंसकों का ध्यान खींचा। दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान भी 'द रॉयल्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग के सिलसिले में जयपुर पहुंचीं। जीनत अमान हिंदी सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं, जिन्होंने अपने अलग अंदाज और यादगार भूमिकाओं से दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई है। राजस्थान की ऐतिहासिक इमारतों, राजसी माहौल और हेरिटेज लोकेशन के कारण जयपुर फिल्म और वेब सीरीज की शूटिंग के लिए निर्माताओं की पसंद बना हुआ है। 'द रॉयल्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग के लिए भी शहर और आस-पास के इलाकों को चुना गया है। इस बार शूटिंग जयपुर के साथ आस-पास की लोकेशंस पर की जा रही है।

फिरोज खान और अवनीत कौर मुंबई रवाना

जयपुर एयरपोर्ट पर बुधवार को बॉलीवुड के कुछ सितारे शहर से विदा लेते हुए भी नजर आए। टीवी धारावाहिक 'महाभारत' में अर्जुन की भूमिका निभाकर लोकप्रिय हुए सीनियर एक्टर फिरोज खान मुंबई के लिए रवाना हुए। उनके इस किरदार ने उन्हें दर्शकों के बीच खास पहचान दिलाई थी। वे दशहरा उत्सव में शामिल होने के लिए आए थे। वहीं, अभिनेत्री अवनीत कौर भी जयपुर से मुंबई के लिए रवाना हुईं। एयरपोर्ट पर इन दोनों कलाकारों की मौजूदगी ने दिनभर सितारों की आवाजाही को चर्चा में बनाए रखा।

चार्टर प्लेन से आए लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, आधे घंटे बाद हुए रवाना, काले रंग की जैकेट में नजर आए

जयपुर एयरपोर्ट पर बुधवार को सबसे ज्यादा चर्चा उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की मौजूदगी को लेकर रही। वे चार्टर प्लेन से जयपुर पहुंचे थे। हालांकि, उनका यहां ठहराव काफी संक्षिप्त रहा। करीब आधे घंटे जयपुर में बिताने के बाद वे एयरपोर्ट से ही अपने अगले गंतव्य के लिए रवाना हो गए। लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ जब जयपुर पहुंचे, तब वे काले रंग की जैकेट पहने हुए थे। वहीं, रवाना होते समय वे सफेद रंग की जैकेट में नजर आए। उनके पहनावे में इस बदलाव ने भी एयरपोर्ट पर मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

ब्रीफ न्यूज

एक्स बॉयफ्रेंड ने युवती को किया ब्लैकमेल: प्राइवेट फोटोज वायरल की धमकी

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में एक 26 साल की युवती ने अपने एक्स-बॉयफ्रेंड के खिलाफ ब्लैकमेल करने और धमकाने का मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि एक्स बॉयफ्रेंड युवती को उसके प्राइवेट फोटोज वायरल करने की धमकी दे रहा है। युवती की शादी के रिश्ते नहीं होने दे रहा और दोबारा दोस्ती करने का दबाव बना रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि जयपुर की रहने वाली 26 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोप है कि एक ही समाज के होने के कारण आरोपी से उसकी जान-पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों में दोस्ती हो गई। करीब 4-5 साल से उसकी दोस्ती के दौरान मिलना-जुलना व बातचीत होती रहती थी। आरोपी से 2023 में उसकी दोस्ती टूट गई और बातचीत बंद हो गई थी। पिछले 3 साल से बातचीत बंद करने को लेकर आरोपी कॉल कर धमकाने लगा। प्राइवेट फोटोज को वायरल करने की धमकी देने लगा। ब्लैकमेल कर दोबारा दोस्ती करने का दबाव बनाने लगा। शादी की बात होने पर लड़के वालों से कॉन्टैक्ट कर उसका रिश्ता तुड़वाता है। ब्लैकमेलिंग के टॉर्चर और रिश्ता तड़वाने से परेशान होकर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मंगलवार शाम मामला दर्ज कराया।

बच्चों की कहासुनी में दो पक्षों में झगड़ा, 5 घायल: एक की हालत गंभीर, 8 गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जयपुर

रामगंज इलाके में दो पक्षों में बच्चों की कहासुनी को लेकर झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि परिजन आमने-सामने हो गए और मारपीट करने लगे। इसमें दोनों पक्षों से 5 लोग घायल हो गए हैं, जबकि एक व्यक्ति को गंभीर चोट के बाद हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। घटना मंगलवार देर रात रामगंज इलाके में संजय बाजार की है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से 8 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। फिलहाल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संजय बाजार और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। घटना को लेकर पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटा रही है।

सीकर: पुलिस-अर्द्धसैनिक बलों के शहीदों को सलामी

ASP बोले- एक साल में राजस्थान पुलिस के 5 और देश में 154 जवान देश की रक्षा करते शहीद हुए

थिंक राजस्थान • सीकर

पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर आज सीकर के पुलिस लाइन ग्राउंड में कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित करके और सलामी देकर शहीदों को नमन किया गया। शहीदों की याद में पुलिस लाइन ग्राउंड मे पेड़ भी लगाए गए। इस मौके पर ASP डॉ. तेजपाल सिंह ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिकबलों में देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए किया जाता है। कार्यक्रम के तहत आज पुलिस लाइन ग्राउंड में सलामी देकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही पुष्पचक्र अर्पित करते हुए शहीद पुलिसकर्मियों के नाम पर पेड़ भी लगाए गए हैं। जिससे कि उन शहीदों का स्मरण हमेशा होता रहे। ASP डॉ तेजपाल सिंह ने कहा कि पिछले 1 साल में देश की रक्षा करते हुए राजस्थान पुलिस से पांच और देश में 154 जवान शहीद हुए हैं।

फर्नीचर फैक्ट्री में आग, सामान जलकर राख

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर के उदासर में बुधवार देर रात महेश फर्नीचर फैक्ट्री में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि लपटें काफी दूर तक दिखाई दीं। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं। चार दमकलों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से फैक्ट्री में रखा फर्नीचर जल गया। हालांकि, हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

जय नारायण व्यास कॉलोनी थानाधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि महेश फर्नीचर फैक्ट्री में सोफे सहित अन्य फर्नीचर बनाने का काम होता था। आग के कारण फैक्ट्री में रखा फर्नीचर जल गया और काफी नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस ने दमकल को मौके पर बुलाया। दमकलकर्मियों ने आग को आसपास फैलने से रोकने के लिए प्रयास किए और करीब डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पा लिया।

हिप्नोटाइज कर महिला से लूट: जॉब पर जाने के लिए निकली थी घर से, वश में कर उतरवाए गहने

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में हिप्नोटाइज कर एक महिला से लूट का मामला सामने आया है। वह जॉब पर जाने के लिए घर से निकली थी। तीन बदमाशों ने परिवार पर संकट आने की कहकर महिला को वश में किया। सम्मोहित कर उसके पहने सोने के गहने उतारकर लूट ले गए। श्याम नगर थाने में पीड़ित महिला ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज करवाई है। ASI गोपाल चन्द ने बताया- लूट की वारदात करणी विहार के हीरानगर-ए निवासी 60 साल की महिला के साथ हुई। वह रोजाना की तरह जॉब पर जाने के लिए सुबह करीब 7 बजे घर से निकली थी। 200 फीट चौराहे पर बस स्टेंड पर खड़ी होकर बस का इंतजार कर रही थी।

घर में कष्ट आने की बात कही

आरोप है कि इसी दौरान मोबाइल पर बात करते हुए एक लड़का आया। उसकी तरफ देखकर घर पर कष्ट आने की बात कही। ये चुनते ही चौंक कर महिला के पूछने पर उसने उसके परिवार की डिटेल देना शुरु कर दी। परिवार के बारे में सही बताने पर वह उसके विश्वास में आ गई। बातों में उलझाकर शातिर बदमाश बस स्टेंड से कुछ दूरी पर महिला को ले गया। वहां उसके दो साथी और मिल गए। बदमाशों ने घर पर बहुत बड़ा संकट आने के साथ ही बड़े बेटे की मौत होने की कहा। समाधान की कहने पर बदमाशों ने महिला को हिप्नोटाइज कर लिया। वश में होने पर हाथ में एक पत्ता रखकर उसमें पहने हुए गहने रखने के लिए कहा। सम्मोहन में फंसकर बदमाशों के कहे अनुसार उसने सोने का मंगलसूत्र, कानों की बाली और अंगूठी उतारकर हाथ पर रखे पत्ते पर रख दिए। कुछ ही देर में आंखें बंद होते ही बदमाश सोने के गहने लूटकर फरार हो गए। महज 5 मिनट बाद आंख खुलने पर गहने गायब थे।

बेहोश होने से सड़क पर गिरी

सम्मोहन टूटने पर महिला बेहोश होकर रोड पर गिर गई। राहगीरों के संभालने पर कुछ देर में महिला को होश आया। घर पहुंचकर पीड़ित महिला ने परिजनों को आपबीती सुनाई। श्याम नगर थाने में मंगलवार शाम बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे CCTV फुटेजों को खंगालने के साथ ही बदमाशों की तलाश कर रही है।

सीकर में बाजार सामान लेने गया स्टूडेंट लापता: हॉस्टल में रहता था

16 साल की लड़की घर से लापता, मुकदमा दर्ज

थिंक राजस्थान • सीकर

सीकर में 17 साल के नीट स्टूडेंट और 16 साल की नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। स्टूडेंट हॉस्टल से बाजार से सामान लेने गया था। दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है। नीट स्टूडेंट के लापता होने के मामले में पिता ने पुलिस में शिकायत दी है। पिता ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा सीकर में एक प्राइवेट कोचिंग के हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रहा है।

बेटा 18 अक्टूबर की दोपहर करीब 1:52 पर हॉस्टल वार्डन से परमिशन लेकर बाजार से सामान लेने निकला था। शाम तक वह हॉस्टल वापस नहीं लौटा। रात करीब 8 बजे हॉस्टल वार्डन से सूचना दी। अब पुलिस स्टूडेंट की तलाश कर रही है।

घर का दरवाजा बंद मिला, बेटी नहीं मिली

16 साल की नाबालिग लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि 19 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे वह खेत से आ रही थी। जब घर पर पहुंचकर देखा तो कुंडी लगी हुई थी। तब लगा बेटी पड़ोस में गई होगी। काफी देर तक वह वापस नहीं लौटी तो आस-पड़ोस और गांव में तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इस मामले में भी पुलिस जांच कर रही है।

ड्यूटी कर थाने लौट रहे कॉन्स्टेबल को ट्रक ने कुचला: पीठ पर चढ़ा टायर, तीन महीने पहले ही पोस्टिंग हुई थी; ड्राइवर फरार

थिंक राजस्थान • भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में तेज रफ्तार ट्रक ने ड्यूटी कर थाने लौट रहे कॉन्स्टेबल को कुचल दिया। हादसे में पुलिसकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि ट्रक का टायर कॉन्स्टेबल की पीठ पर चढ़ गया। उसका एक हाथ और सिर बाहर नजर आ रहे थे। शव ट्रक के नीचे फंस गया था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। हादसे में ट्रक का ड्राइवर फरार है जबकि खलासी घायल है। मामला मामला जिले के गुलाबपुरा थाना इलाके का मंगलवार रात 11.30 बजे का है।

शंभूगढ़ थाना SHO हंसपाल सिंह ने बताया- शंभूगढ़ थाने में तैनात कांस्टेबल शंकरलाल (27) पिता कान्हा खटीक की गुलाबपुरा में दशहरे मेले में ड्यूटी लगी थी। मंगलवार रात शंकरलाल अपनी ड्यूटी पूरी करके गुलाबपुरा से शंभूगढ़ थाने बाइक से जा रहे थे। 29 मील चौराहे से आगे पुलिया के नजदीक पहुंचे ही एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भयानक थी कि कॉन्स्टेबल की मौके पर ही मौत हो गई।

शंकर लाल 2018 बैच के कांस्टेबल थे

पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए मृतक के परिजनों को सूचना दी है। बुधवार को शव का पोस्टमॉर्टम करवाया और परिजनों को सुपुर्द किया। मृतक कांस्टेबल बांदरसिंदरी के रहने वाले थे। 2018 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। शंकर के एक बेटा ओर एक बेटी है। इनकी की 3 महीने पहले ही शंभूगढ़ थाने में पोस्टिंग हुई थी। इनके पिता अजमेर पुलिस में एएसआई हैं। हादसे के बाद शंभूगढ़ थाना स्टाफ के साथ ही पुलिस विभाग में गहरा सन्नाटा और शोक छाया हुआ है। वहीं, गुलाबपुरा थाने के पुलिस अधिकारियों ने कॉन्स्टेबल शंकरलाल को पुष्प चक्र अर्पित किए।

बारां में बिना नंबर प्लेट की 19 बाइक जब्त

थिंक राजस्थान • बारां

बारां में कोतवाली पुलिस ने बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया है। इस दौरान पुलिस ने 19 बाइकों को जब्त किया है। कोतवाली प्रभारी हीरालाल पूनिया ने बताया कि यह अभियान बिना नंबरी वाहनों से होने वाली गंभीर वारदातों और वाहन चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए चलाया जा रहा है।

कोतवाली थाना और यातायात शाखा की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। शहर में बड़ी संख्या में बिना नंबर प्लेट के वाहन चल रहे हैं। कई वाहन तेज गति से चलाए जा रहे हैं, जिससे विवाद भी हुए हैं। पटाखा छोड़ती बाइकों से भी लोग परेशान हैं।

सीने में चाकू मारकर युवक की हत्या, हॉस्पिटल में दम तोड़ा

फरार आरोपी के पिता को पुलिस ने पकड़ा

थिंक राजस्थान • बीकानेर



बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के जालबसर गांव में मंगलवार रात युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। गांव की मेन चौपाल पर उत्तरादा कुएं के पास रात करीब 10:15 बजे 28 साल के नेमीचंद लूखा के सीने में चाकू घोंप दिया गया। गंभीर हालत में उसे उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां खून ज्यादा बहने के कारण उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने रात करीब 3 बजे आरोपी के पिता को डिटेन किया है।

जानकारी के अनुसार, मृतक नेमीचंद पुत्र हरिराम लूखा गांव में बोलेरो गाड़ी चलाकर सवारियों को श्रीडूंगरगढ़ से जालबसर लाने-ले जाने का काम करता था। आरोप है कि गांव के ही कालूराम जाट ने मंगलवार रात उसके सीने में बांई तरफ चाकू मार दिया। वारदात के समय आरोपी नशे में था। हालांकि, घटना के कारणों और पूरे घटनाक्रम की पुलिस जांच कर रही है।

रात में थाने पहुंचे ग्रामीण

हत्या की खबर फैलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण थाने पहुंचे और थानाधिकारी से मिले। ग्रामीणों ने गांव में हुई इस वारदात पर नाराजगी जताते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। घटनास्थल से दो गली दूर मृतक का घर है, जबकि पास में ही आरोपी की दुकान भी बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश और हत्या के कारणों की जांच में जुटी है।

बीकानेर में हाईवे पर हादसा; स्टाफ-ड्राइवर ने रेस्क्यू किया; एज्युकेशन टूर पर गए थे

हाईवे पर चलती बस में आग, 29-बच्चे सवार थे: 10 मिनट में जलकर राख हुई

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर के नेशनल हाईवे-62 पर लालेरा और महाजन गांव के बीच मंगलवार रात करीब 1.30 बजे एक निजी बस के टायर में अचानक आग लग गई। बस में 29 बच्चे सवार थे। स्टाफ और ड्राइवर ने सभी को 7 मिनट के अंदर सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद करीब 10 मिनट के अंदर-अंदर बस जलकर राख हो गई। बस में 11वीं और 12वीं क्लास के स्टूडेंट्स थे। ये सभी जोधपुर और नाथद्वारा का एजुकेशनल टूर पूरा करके लौट रहे थे। स्टूडेंट्स का पूरा सामान जलकर राख हो गया।

महाजन थानाधिकारी भजनलाल ने बताया- हादसा मंगलवार रात करीब 1.30 बजे महाजन से लगभग 3 किलोमीटर आगे अर्जुनसर की तरफ द्वारकाधीश होटल के पास हुआ। बस सूरतगढ़ के एमआरएम स्कूल, निर्वाणा के स्टूडेंट्स को लेकर लौट रही थी। इसी दौरान बस के पिछले टायर में आग लग गई, जिसने धीरे-धीरे पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। टायर में विस्फोट होने के बाद आग और धुआं उठने लगा। स्कूल स्टाफ, ड्राइवर और कंडक्टर ने सबसे पहले बच्चों को बस से नीचे उतारा।

बस में सवार थे 36 लोग, सभी सुरक्षित

बस में 29 स्टूडेंट्स, 5 टीचर्स और स्टाफ, ड्राइवर और कंडक्टर सहित कुल 36 लोग सवार थे। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग बुझाने के लिए बीकानेर और सूरतगढ़ से दमकलें बुलाई गईं। समय रहते बच्चों को बाहर निकाल लेने से बड़ा हादसा टल गया।

स्टूडेंट्स का सामान जलकर राख

हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन बस में रखा स्टूडेंट्स का सामान जलकर राख हो गया। कुछ बच्चों ने समय रहते अपना सामान बाहर निकाल लिया, जबकि कई का सामान बस में ही रह गया। आग तेजी से फैलने के कारण बच्चों को दोबारा बस के अंदर नहीं जाने दिया गया।

जोधपुर-नाथद्वारा के टूर से लौट रहे थे स्टूडेंट्स

स्कूल के स्टूडेंट्स का टूर जोधपुर और नाथद्वारा गया था। टूर पूरा होने के बाद बस सूरतगढ़ लौट रही थी। बीकानेर से होते हुए महाजन के आगे पहुंचने पर यह हादसा हो गया। शिक्षकों और बस स्टाफ की सूझबूझ से सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। स्कूल से संपर्क करने पर टूर जाने की पुष्टि की गई, हालांकि घटना के संबंध में विस्तृत और आधिकारिक जानकारी प्रिंसिपल की ओर से दिए जाने की बात कही गई।

प्रिंसिपल बोली- सभी बच्चे सुरक्षित हैं

एमआरएम स्कूल प्रिंसिपल श्वेता गिल ने बताया- स्कूल के सभी बच्चे, स्टाफ पूरी तरह सुरक्षित है। टायर में आग लगने के कारण हादसा हुआ है। पीछे बैठे बच्चों ने हल्का स्पार्क देखा था, इसके बाद स्कूल में बैठे टीचर्स और अन्य स्टाफ ने सभी बच्चों को बाहर निकाल लिया। क्लास 11 और 12 के स्टूडेंट्स थे। सभी जोधपुर-नाथद्वारा गए हुए थे। जिन बच्चों का सामान आगे रखा हुआ था, उनका सामान निकल गया। जिनका सामान पीछे था, वो जल गया। ये स्टूडेंट्स 16 अक्टूबर को सूरतगढ़ से गए थे और आज इनकी वापसी थी।

एशियन पैरागेम्स: 1500 मीटर रेस में राधा ने जीता सिल्वर

गोविंद सोलंकी ने गाइड रनर बनकर दिलाया रजत पदक

थिंक राजस्थान • जालोर

उम्मेदाबाद के गोविंद सोलंकी ने अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जापान के आइची-नागोया में आयोजित 5वें एशियन पैरा गेम्स में भारतीय पैरा एथलीट राधा वेंकटेश ने 1500 मीटर रेस में रजत पदक जीता। इस स्पर्धा में गोविंद ने उनके गाइड रनर के रूप में साथ दौड़कर अहम भूमिका निभाई। 19 अक्टूबर को हुई इस स्पर्धा में राधा वेंकटेश ने 5 मिनट 30.90 सेकंड में दौड़ पूरी कर रजत पदक अपने नाम किया। वहीं, भारत की सौम्या कुमार ने 5 मिनट 12.39 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस तरह भारत ने इस स्पर्धा में स्वर्ण और रजत दोनों पदक हासिल किए।

गोविंद सोलंकी ने साल-2016 में तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपने खेल सफर की शुरुआत की। इसके बाद वर्ष 2022 और 2023 में दुबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में उन्होंने एक बार पहला और एक बार दूसरा स्थान हासिल किया। वर्ष 2023 में उन्हें पहली बार एशियन पैरा गेम्स में गाइड रनर के रूप में भाग लेने का अवसर मिला। इसके बाद से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई और राधा वेंकटेश के साथ मिलकर देश के लिए पदक जीतने में योगदान दिया।

2023 में चीन में इसी जोड़ी ने जीता था स्वर्ण

गोविंद सोलंकी और राधा वेंकटेश की जोड़ी इससे पहले भी एशियन पैरा गेम्स में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी है। साल-2023 में चीन के हांगझोऊ में आयोजित एशियन पैरा गेम्स में राधा ने महिलाओं की 1500 मीटर टी-13 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता था। उस दौरान उन्होंने गोविंद के साथ 5 मिनट 19 सेकंड में दौड़ पूरी कर खिताब अपने नाम किया था। जापान में रजत पदक जीतकर इस जोड़ी ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाया है।

गांव में 5वीं तक पढ़ाई, बेंगलूरु में कारोबार

गोविंद सोलंकी का जन्म उम्मेदाबाद गांव में हुआ। उन्होंने पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई गांव में ही की। इसके बाद वे बेंगलूरु चले गए और पिता के साथ पारिवारिक व्यवसाय में सहयोग करने लगे। चार भाइयों में तीसरे नंबर के गोविंद ने कारोबार की जिम्मेदारियों के बीच भी दौड़ने का अभ्यास जारी रखा।

गोविंद जब भी गांव आते हैं, तो सुबह उम्मेदाबाद से डांगरा तक दौड़ लगाते हैं और फिर वापस लौटते हैं। उनका यह अभ्यास मार्ग करीब 12 किलोमीटर का है। छह वर्ष पहले पिता का निधन हो गया था। इसके बावजूद गोविंद ने व्यवसाय की जिम्मेदारियों के साथ खेल के प्रति अपने जुनून और नियमित अभ्यास को बनाए रखा। लगातार मेहनत और समर्पण के दम पर गोविंद आज अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

ब्रीफ न्यूज

सड़क किनारे मिला नवजात का शव, आधा सिर-हाथ गायब: जानवरों के नोचने की आशंका

थिंक राजस्थान • जैसलमेर

जैसलमेर में आयुर्वेदिक अस्पताल के बाहर 1 दिन के नवजात का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। मिट्टी से सने क्षत-विक्षत नवजात का आधा सिर और एक हाथ गायब था। राहगीरों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मामला बुधवार सुबह शहर के रामगढ़ रोड इलाके का है। शहर कोतवाल प्रेमाराम विश्नोई ने बताया- सुबह करीब 8 बजे आयुर्वेदिक अस्पताल के डॉक्टर ने फोन पर जानकारी दी थी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि बच्चा यहां कैसे आया और कौन लाया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नवजात लड़का है और उसकी उम्र एक दिन बताई जा रही है। पुलिस पता लगाने में जुटी है कि नवजात को वहां कौन छोड़कर गया था। जन्म के समय नवजात जिंदा था या मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ हो सकेगी। घटना की जांच के लिए पुलिस आसपास में लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही, नजदीकी अस्पतालों और प्रसूति केंद्रों के रिकॉर्ड भी देखे जा रहे हैं, ताकि नवजात के जन्म से जुड़ी जानकारी जुटाई जा सके।

घर से एक किलोमीटर दूर मिला लापता बच्चे का शव:4 दिन से गायब था

थिंक राजस्थान • अजमेर

अजमेर के आदर्श नगर थाना क्षेत्र में चार दिन से लापता 12 साल के बच्चे का शव बुधवार सुबह घर से करीब एक किलोमीटर दूर नाड़ी में तैरता मिला। ग्रामीण ने शव देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नाड़ी से बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को जेएलएन अस्पताल की मोर्च्युरी में रखवाया गया। मृतक की पहचान बड़ल्या गांव निवासी महेंद्र (12) पुत्र शेखी सिंह रावत के रूप में हुई। महेंद्र 16 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे मां को खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने 17 अक्टूबर को आदर्श नगर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस बच्चे की तलाश में जुटी थी। परिजनों के अनुसार, महेंद्र 16 अक्टूबर को घर से खेत पर जाने के लिए निकला था, लेकिन देर तक वापस नहीं आने पर उसकी तलाश शुरू की गई। कोई जानकारी नहीं मिलने पर परिवार ने अगले दिन पुलिस को सूचना दी। पुलिस आसपास के हाईवे और ग्रामीण इलाकों में बच्चे की तलाश कर रही थी। इसी बीच बुधवार सुबह घर से करीब एक किलोमीटर दूर नाड़ी में उसका शव मिल गया।

ब्रीडिंग-सेंटर से जंगल में छोड़े गोडावण का 4-दिन बाद शिकार: पानी पीते समय लोमड़ी का हमला, सैटेलाइट ट्रैकिंग से पता चला; 7 को छोड़ना टला

थिंक राजस्थान • जैसलमेर

जैसलमेर के डेजर्ट नेशनल पार्क (DNP) में छोड़े गए 6 महीने के गोडावण का मरू लोमड़ी ने शिकार कर लिया। सम (जैसलमेर) के ब्रीडिंग सेंटर में पाले गए इस नर गोडावण को 14 अक्टूबर को छोड़ा गया था। 18 अक्टूबर को सम इलाके में जब यह पक्षी कुंड (गाजलर) पर पानी पीने गया तो झाड़ियों में छुपी लोमड़ी ने उस पर हमला कर दिया। सैटेलाइट ट्रैकिंग के जरिए वैज्ञानिकों को घटना का पता चला। सैटेलाइट सिग्नल रुकने पर फील्ड स्टाफ मौके पर पहुंचा, तब तक लोमड़ी भाग चुकी थी। वहां गोडावण के पंख और अन्य अवशेष मिले। टीम ने सैटेलाइट ट्रैकिंग डिवाइस बरामद कर ली है। घटनास्थल से मिले खून के नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा गया है। घटना के बाद भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) ने बाकी 7 गोडावणों को जंगल में छोड़ने की योजना फिलहाल टाल दी है।

11 गोडावणों को जंगल में छोड़ने की थी योजना

दरअसल, जैसलमेर के सम स्थित ब्रीडिंग सेंटर में पाले गए 11 गोडावणों को जंगल में बसाने की योजना बनाई गई थी। 4 अक्टूबर को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दो गोडावणों को जंगल में छोड़ा था। इसके बाद 14 अक्टूबर को दो और नर गोडावणों को छोड़ा गया। राहत की बात यह है कि जंगल में छोड़े गए बाकी तीन गोडावण सुरक्षित बताए जा रहे हैं। भारतीय वन्यजीव संस्थान ने शेष 7 गोडावणों को जंगल में छोड़ने की योजना रोक दी है। संस्थान की ओर से रिलीज प्रोटोकॉल और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की जा रही है। नए पक्षियों को जंगल में छोड़ने का फैसला सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के बाद लिया जाएगा। वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के निदेशक गोविंद सागर भारद्वाज के अनुसार, जंगल में शिकार होना प्राकृतिक प्रक्रिया है। ऐसे क्षेत्रों में लोमड़ियों की मौजूदगी स्वाभाविक है। उन्होंने बताया- फील्ड टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। इस घटना से गोडावण संरक्षण अभियान का मनोबल कमजोर नहीं होगा, बल्कि मिशन को और मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

बाड़मेर: वोटिंग से एक दिन पहले कांग्रेस प्रत्याशी ने किया सुसाइड

खेत में पेड़ पर फंदे से लटके मिले, पंस सदस्य का लड़ रहे थे चुनाव

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

बाड़मेर की मांगता पंचायत समिति के वार्ड-8 से कांग्रेस प्रत्याशी ने वोटिंग से एक दिन पहले सुसाइड कर लिया। उनका शव अपने खेत में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। घटना सदर थाना इलाके के आलमजी का थान (उड़ासर) गांव में बुधवार सुबह करीब 4 बजे की है।

सदर थाना सीआई देवीचंद ढाका ने बताया- आलमजी का थान निवासी मोहनलाल (45) पुत्र पूनमाराम बुधवार तड़के अपने खेत पर गए थे। वहां उन्होंने फंदा लगा लिया। आसपास के लोगों ने उन्हें पेड़ पर लटका देखा तो ग्रामीणों को सूचना दी। इसके बाद परिजनों और पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव पेड़ से नीचे उतरवाया और गुड़ामालानी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। पुलिस सुसाइड के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

सदर थानाधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया - शुरुआती जांच में सामने आया है कि मोहनलाल काफी समय से मेंटली परेशान थे। साल 2007 में बड़े भाई और एक अन्य रिश्तेदार सुसाइड कर चुके हैं। चुनाव प्रचार के दौरान वोटों को लेकर परेशान रहते थे। मांगता पंचायत समिति में पहले फेज में 22 अक्टूबर को वोटिंग है। यहां वार्ड-8 से कांग्रेस के मोहनलाल सहित कुल तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। भाजपा से भभूता राम और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (RLP) से ओमप्रकाश प्रत्याशी हैं।

पाली: हिस्ट्रीशीटर की संदिग्ध हालात में मौत

परिजनों ने लिव-इन पार्टनर पर जताया हत्या का अंदेशा, युवती टैक्सी से अस्पताल लेकर पहुंची

थिंक राजस्थान • पाली

पाली शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की राम रहीम कॉलोनी निवासी 35 साल के हिस्ट्रीशीटर असलम घोसी पुत्र शफी मोहम्मद की मंगलवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना केशव नगर-मणि नगर क्षेत्र स्थित एक फ्लैट की है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि असलम पिछले 4-5 साल से एक युवती के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बांगड़ अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। परिजनों ने युवती और अन्य लोगों पर हत्या का अंदेशा जताते हुए पुलिस को रिपोर्ट दी है। बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।



बहस के बाद बिगड़े हालात

जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह से असलम केशव नगर-मणि नगर स्थित फ्लैट में युवती के साथ मौजूद था। दोपहर करीब 3:30 बजे आसपास के लोगों ने दोनों के बीच तीखी बहस और कहासुनी की आवाजें सुनीं। इसके बाद युवती कुछ देर के लिए बाहर चली गई। कुछ समय बाद वह दौड़ते हुए फ्लैट में पहुंची। उसकी चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी भी वहां एकत्र हो गए। शाम करीब 4:15 बजे युवती टैक्सी से असलम को अचेत अवस्था में लेकर बांगड़ अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

फंदा लगाने की आशंका

पुलिस की शुरुआती पड़ताल में आसपास के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, बहस के दौरान असलम ने युवती को फ्लैट से बाहर भेज दिया था। इसके बाद उसने किचन स्टैंड पर चढ़कर रस्सी से फंदा लगा लिया। बताया जा रहा है कि जानकारी मिलने पर लोगों ने उसे नीचे उतारा। कुछ लोगों का दावा है कि उस समय उसकी सांसें चल रही थीं। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि घटनाक्रम से जुड़ी इन जानकारियों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। घटनास्थल और अस्पताल का जायजा लेने पहुंची पुलिस युवती की गतिविधियों की भी पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार, असलम को अस्पताल लेकर पहुंची युवती शाम 4:16 बजे से 4:40 बजे तक ट्रोमा सेंटर में मौजूद थी। उसके साथ एक अन्य युवती भी थी, जिसकी पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार, शाम करीब 4:40 बजे संबंधित युवती ट्रोमा सेंटर से बाहर निकली और अस्पताल के गलियारों से होते हुए कहां गई, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस इस मामले में आत्महत्या और हत्या समेत सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। परिजनों के आरोपों की भी पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही असलम की मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

माउंट आबू में कवि सम्मेलन: राजनीति, बॉलीवुड और रील संस्कृति पर कवियों ने साधा निशाना

थिंक राजस्थान • माउंट आबू

दशहरा उत्सव के बाद मंगलवार को माउंट आबू में देर रात तक कवि सम्मेलन की महफिल सजी। कवयित्री अंशु प्रिया, संदीप भोला, राजकुमार बादल, अशोक चारण, सुरेंद्र शर्मा, अनु सपन और प्रियांशु गजेंद्र ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भाव, हास्य और व्यंग्य के रंगों से रूबरू कराया। किसी ने प्रेम रस की कविताओं से मन मोह लिया, तो किसी ने राजनीति, बॉलीवुड, भ्रष्ट व्यवस्था और सोशल मीडिया पर रील बनाने की संस्कृति पर तीखे कटाक्ष किए। कार्यक्रम की शुरुआत में एसीजेएम श्याम सुंदर बिश्नोई, एसडीएम राहुल श्रीवास्तव और पालिका अध्यक्ष चुनीलाचार्य सहित अन्य अतिथियों ने कवियों का स्वागत किया। कवयित्री अंशु प्रिया ने प्रेम रस की कविताएं प्रस्तुत कीं। उन्होंने बताया कि उनकी रचनाएं ऐसी हैं, जिन्हें परिवार के साथ बैठकर सुना जा सकता है। उनकी कविताओं ने सम्मेलन में प्रेम और संवेदनाओं का रंग घोला। वहीं, प्रियांशु गजेंद्र ने मंच संचालन के साथ पैरोडी सुनाकर कार्यक्रम को रोचक बनाया। संदीप भोला ने अपनी रचनाओं के जरिए राजनीति, बॉलीवुड और Gen Z से जुड़े विषयों पर व्यंग्य किया। उनकी एक भावुक रचना मोबाइल पर रील बनाने वाली युवा लड़कियों और सोशल मीडिया पर बढ़ती अश्लीलता पर केंद्रित रही। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा— "यह देश वीरांगनाओं का था, जब से 6 इंच का मोबाइल आ गया है, रिलांगनाओं का ज्यादा बन गया है।"

राजकुमार बादल और अशोक चारण ने अपनी कविताओं के माध्यम से भ्रष्ट व्यवस्था और बाबाओं द्वारा बनाई जा रही रीलों पर निशाना साधा। उनकी रचनाओं में सामाजिक विसंगतियों और मौजूदा दौर की प्रवृत्तियों पर व्यंग्य देखने को मिला। वहीं, अनु सपन और सुरेंद्र शर्मा ने भी अपनी कविताओं से श्रोताओं को काव्य रस का आनंद दिलाया। कवि सम्मेलन के प्रारंभ में एसीजेएम श्याम सुंदर बिश्नोई, एसडीएम राहुल श्रीवास्तव और पालिका अध्यक्ष चुनीलाचार्य सहित अन्य अतिथियों ने कवियों का स्वागत किया। दशहरा उत्सव के बाद आयोजित इस कार्यक्रम में कविता, हास्य और सामाजिक व्यंग्य के जरिए देर रात तक साहित्यिक माहौल बना रहा।

सांस्कृतिक रंगों और गरबा-डांडिया की थाप से सजी पहली शाम, राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र की हस्तियों ने की शिरकत

शिवगढ़ रिसोर्ट में गरबा मेगा उत्सव फ्यूजन 3.0: रिद्वी जोशी और डीजे जस्सी की प्रस्तुतियों पर झूमे शहरवासी, धूमधाम से कार्यकम का समापन

थिंक राजस्थान • जोधपुर

सूर्यनगरी में गरबा और डांडिया की रंगत के बीच श्री बालाजी ग्रुप, दक्ष प्रोडक्शन एवं शिवगढ़ रिसोर्ट, यतिका प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में डाली बाई सर्किल के पास स्थित शिवगढ़ रिसोर्ट में दो दिवसीय गरबा मेगा उत्सव फ्यूजन 3.0 का 19,20 अक्टूबर 2026 को भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उत्सव के पहले दिन संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और पारंपरिक गरबा-डांडिया की धुनों के बीच शहरवासी उत्साह से झूम उठे। कार्यक्रम में राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रमुख हस्तियों ने शिरकत कर आयोजन की गरिमा बढ़ाई।

उत्सव प्रथम दिन में मुख्य कलाकार रिद्वी जोशी और डीजे जस्सी की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। दोनों कलाकारों की प्रस्तुतियों पर उपस्थित दर्शकों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। वहीं गरबा और डांडिया की पारंपरिक धुनों के साथ आधुनिक संगीत के फ्यूजन ने आयोजन को खास बना दिया। युवाओं के साथ विभिन्न आयु वर्ग के लोगों में भी उत्सव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागियों ने पारंपरिक अंदाज में गरबा-डांडिया खेलकर उत्सव की रंगत को और निखारा। राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियों की मौजूदगी ने बढ़ाई आयोजन की गरिमा गरबा मेगा उत्सव के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जोधपुर के युवा भाजपा नेता एवं उद्यमी क्षेणीक जैन, किन्नर समाज नागौरी गेट गादीपति संध्या बुआ एवं कृष्णा, पिंकी, संतोष सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे। इनके साथ भाजपा पार्षद चेतन गहलोत, लक्ष्मी शेखावत, मधु भंडारी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य अंकित पुरोहित एवं समाजसेवी कुलदीप सारस्वत उपस्थित रहे। कार्यकम दूसरे दिन कार्यक्रम अतिथि अलावा राजीव गांधी नगर थाना थानाधिकारी रविंद्र सिंह, राजस्थान हाईकोर्ट की पुस्तकालय सचिव शिवानी वैष्णव, भाजपा पार्षद अशोक सिंह चौहान, संजय बिश्नोई (जानी) एवं फतेहराज माकड़, जिला महामंत्री गौरव जैन, गौ भक्त रौनक चौधरी, तथा शहर विधायक निजी सहायक रुपेश अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। अतिथियों की उपस्थिति से आयोजन को विशेष गरिमा मिली।

इस दौरान सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और सामूहिक सहभागिता का संदेश भी देखने को मिला।संगीत और मंच संचालन ने बांधे रखा समां कार्यक्रम में डीजे जस्सी, डीजे अभि, फ्लूट आर्टिस्ट नवीन भाटी, एंकर आकाश शर्मा, भावीसा जानी एवं शायर लकी सिंह सहित विभिन्न कलाकारों की सहभागिता ने उत्सव को बहुआयामी स्वरूप दिया। मंच संचालन एंकर भाविशा जाणी एवं आकाश शर्मा ने प्रभावशाली अंदाज में किया। मंच से कलाकारों की प्रस्तुतियों और कार्यक्रम की गतिविधियों के बीच दर्शकों का उत्साह लगातार बना रहा। आकर्षक मंच सज्जा, रंगीन रोशनी और गरबा की पारंपरिक छटा ने पूरे परिसर को उत्सवी माहौल में बदल दिया। आयोजन में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली। पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने गरबा और डांडिया के माध्यम से भारतीय लोक संस्कृति की खूबसूरती को प्रदर्शित किया। श्री बालाजी ग्रुप, दक्ष प्रोडक्शन, एवं शिवगढ़ रिसोर्ट का विशेष योगदान दो दिवसीय गरबा मेगा उत्सव फ्यूजन 3.0 के आयोजन में दक्ष प्रोडक्शन की ओर से प्रदीप कुमार प्रजापत, विनोद प्रजापत एवं विजय कुमार गुप्ता, श्री बालाजी ग्रुप की ओर से देवेंद्र सिंह एवं नरपत टाक तथा शिवगढ़ रिसोर्ट की ओर से राजेंद्र गहलोत, यतिका प्रोडक्शन ग्रो एंटरटेनमेंट लक्षय लाम्बा वी कैप तुषार मीर चंदानी व जोधपुर रास गरबा क्लासेस की कोरियोग्राफी करण चौहान का विशेष सहयोग रहा।

आयोजन को सफल बनाने में विभिन्न प्रायोजकों, सहयोगी संस्थाओं एवं आयोजन से जुड़े सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में श्री बालाजी ग्रुप मार्केटिंग वैक्सलॉजिक , टाइटल स्पांसर दक्ष प्रोडक्शन, पॉवर्ड बाय धनलक्ष्मी ज्वेलर्स, को पॉवर्ड बाय ऑरिक मोटर्स, यतिका प्रोडक्शन वेन्यू शिवगढ़ रिसॉर्ट, रॉयल प्रॉपर्टीज डेवलपर्स,सुरक्षा श्री नारायणा सर्विस सिक्योरिटी, साउंड प्रभु एम्पलीफाई फोटोग्राफी द वॉव स्टोरी निश्चल सोलंकी, आपणों राज स्टूडियो राजेंद्र कुमार हॉस्पिटैलिटी रेस्टर होटल रिजॉर्ट्स, मारवाड़ मोजिक ,ब्लू बर्ड रेस्टोरेंट , फोमो, ग्लैम बाय गुनगुन मेकअप स्टूडियो औरुरा वेडिंग फिल्म, ,एवं गिफ्ट पार्टनर्स जॉइंस ऑफ़ उमंग, अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ, संस्कृति सेवा संस्थान,सहित विभिन्न सहयोगी संस्थाओं ने भी योगदान दिया। आयोजकों ने सभी अतिथियों, कलाकारों, प्रायोजकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। लोक संस्कृति और आधुनिक संगीत का अनूठा संगम

गरबा मेगा उत्सव फ्यूजन 3.0 के भव्य शुभारंभ ने जोधपुर में उत्सवी माहौल को नई ऊर्जा प्रदान की। पारंपरिक गरबा-डांडिया, आधुनिक संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के संगम ने आयोजन को यादगार बना दिया। उत्सव के माध्यम से शहरवासियों को मनोरंजन के साथ भारतीय लोक संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिला। आयोजकों की यह पहल सामाजिक मेलजोल, सांस्कृतिक सहभागिता और सामूहिक उत्सव की भावना को प्रोत्साहित करने वाली रही।

ब्रीफ न्यूज

स्वर्णकार सेवा समिति: रक्तदान शिविर में 21 यूनिट रक्तदान एकत्र

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

महाराजा अजमीढ़ जयंती के उपलक्ष्य में स्वर्णकार सेवा समिति, पीपाड़ के तत्वावधान में स्थानीय स्वर्णकार समाज भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वर्णकार समाज सहित अन्य समाजों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 21 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं समिति पदाधिकारियों ने महाराजा अजमीढ़ के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में युवाओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र मौसूण, मंत्री राजेश कुलथिया एवं कोषाध्यक्ष संदीप धूपड़ ने रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे आयोजनों से समाज में सेवा, सहयोग, भाईचारे और एकता की भावना मजबूत होती है। शिविर में सुशीला सारडीवाल एकमात्र महिला रक्तदाता रहीं। वही शिविर को सफल बनाने में ओमप्रकाश बदलिया, सुरेश मौसूण, मोहनलाल मांडण, विकास मौसूण, सुभाष चंद कड़ेल, शरद देवाल, मुकेश मौसूण, रामसा प्रमिला मौसूण सहित समाज के अनेक गणमान्य लोगों ने सहयोग किया।

निमाज स्कूल में विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित

थिंक राजस्थान • जैतारण

निमाज सेठ मेघराज ठोलिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंग्रेजी माध्यम निमाज ब्यावर में श्री सुगन जीव दया संघ निमाज ईचलकरण जी जयश्री ज्ञानचंद व चार्मी आदित्य कुमार ने अपनी पूजनीय माताजी स्व.इंद्रा देवी सुगनचंद गंगवाल की 27 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर ज्ञानचंद आदित्य कुमार गंगवाल B -44 सुगन इंद्रा वर्धमान जैन सोसाइटी ईचलकरणजी-416115, कोल्हापुर महाराष्ट्र के सहयोग से विद्यालय के संस्था प्रधान जवरी लाल प्रजापत से समस्त छात्र छात्राओं को शिक्षण साहित्य सामग्री व नाश्ता वितरण कार्यक्रम आयोजित करवाने की पहल की गई जिसके प्रत्युत्तर में संस्था प्रधान प्रजापत ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी शंकर लाल शर्मा व पारस मल जैन भामाशाह प्रेरक व भूतपूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष निमाज के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित करवाया तथा बताया कि बतौर भामाशाह इस संगठन की तरफ से हर वर्ष विद्यालय को सहयोग प्रदान किया जाता है। जिसमें मुख्य रूप से शिक्षण सामग्री के अलावा विद्यालय की आवश्यक वस्तुओं यथा अलमारी आदि का भी सहयोग इनकी ओर से मिला है जिसके लिए आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी विद्यालय को सहयोग प्रदान करते रहने की अपेक्षा प्रजापत द्वारा की गई साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी महोदय ने भी छात्रों व भामाशाह परिवार को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप भी ऐसा दृढ़ संकल्प करो और अपने कर्म पथ पर अग्रसर रहो कि भविष्य में बड़े भामाशाह बनकर जहां देश व समाज को अवश्यकता पड़े वहां कर्तव्य निभा सको।कार्यक्रम आयोजन के लिए संगठन सदस्य मोदक प्रसाद सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया व भविष्य में भी सहयोग प्रदान करते रहने की बात कही इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक हजारी लाल रोलानियां, लक्षित वैष्णव, हिम्मत पुरी बिरजू दायमा, चेतन सोलंकी प्रिया टेलर प्रीति जांगिड़ अंजलि खिड़िया व अभिभावक गण उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के जोधपुर महिला, युवा शिक्षा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित, रेखा दाधीच बनीं अध्यक्ष

बुलबुल गौड़, सुषमा शर्मा एवं मनोहर लाल शर्मा को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

थिंक राजस्थान • जोधपुर

अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ भारत के जोधपुर महिला, युवा शिक्षा प्रकोष्ठ की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई। संगठन के पदाधिकारियों की सहमति एवं निर्देशानुसार घोषित इस कार्यकारिणी में समाज एवं शिक्षा के क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। नई कार्यकारिणी की घोषणा से समाज के लोगों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर है।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाजबंधुओं एवं परिजनों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ

भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित पंकज जोशी (थोई), संस्थापक ईशान निर्मल, शिक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम मनोहर शर्मा तथा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष (कार्यकारी) अंकित पुरोहित के निर्देशानुसार जोधपुर महिला, युवा शिक्षा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित की गई। जोधपुर शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राकेश दाधीच ने नई कार्यकारिणी की जानकारी देते हुए बताया कि संगठन को मजबूत बनाने तथा शिक्षा एवं सामाजिक गतिविधियों को विस्तार देने के उद्देश्य से पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। घोषित शिक्षा प्रकोष्ठ महिला कार्यकारिणी के अनुसार रेखा दाधीच को शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, बुलबुल गौड़ को जिला उपाध्यक्ष,एवं सचिव सुषमा शर्मा,तथा मनोहर लाल शर्मा को युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से संगठन की गतिविधियों को नई दिशा मिलने तथा समाज के लोगों को संगठन से जोड़ने में सहयोग मिलने की उम्मीद जताई गई है।

संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य का संकल्प

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने नियुक्ति पर महासंघ के शीर्ष नेतृत्व एवं सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताकर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। सभी पदाधिकारियों ने तन-मन-धन से संगठन के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने तथा महासंघ की विचारधारा एवं उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय एवं सहयोग से कार्य करेंगे। साथ ही, शिक्षा प्रकोष्ठ की गतिविधियों का विस्तार करने, समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने तथा संगठनात्मक कार्यों को गति प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।समाजबंधुओं ने दी शुभकामनाएं जोधपुर शिक्षा प्रकोष्ठ की नवीन कार्यकारिणी घोषित होने पर शुभचिंतकों, परिजनों एवं समाजबंधुओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी समाजहित, शिक्षा के प्रसार एवं संगठन के विस्तार के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने एक बार फिर महासंघ के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व सहित समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की प्रगति और मजबूती के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का विश्वास दिलाया।

पंचायत चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन खारिज

जयपुर। पंचायत चुनाव में नामांकन खारिज होने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। याचिका पर सुनवाई के लिए राजस्थान हाईकोर्ट दशहरा अवकाश में भी खुला। जस्टिस रवि चिरानिया की विशेष बेंच ने कांग्रेस प्रत्याशी अनिल की याचिका पर सुनवाई की। हालांकि कोर्ट से याचिकाकर्ता को कोई राहत नहीं मिली।

कोर्ट ने चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद उसमें दखल देने से इनकार कर दिया। अलवर जिले की लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति के वार्ड चार से नामांकन दाखिल करने वाले अनिल ने याचिका में कहा था कि मानवीय भूल के चलते नामांकन फार्म में गलती हुई। इस कारण नामांकनरद्द कर दिया गया। रिटर्निंग ऑफिसर ने उसकी आपत्तियों को ठीक ढंग से नहीं सुना।

जयकारों और भजनों से गूंजा सणवी माताजी मंदिर, विष्णु पुरी जी महाराज के सानिध्य में नौ दिवसीय अनुष्ठान संपन्न

क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना; श्रद्धालुओं ने माताजी के दर्शन कर लिया गुरुदेव का आशीर्वाद

थिंक राजस्थान • रानीवाड़ा

सणवी माताजी मंदिर, रोड़ा में पूज्य गुरुदेव 1008 श्री विष्णु पुरी जी महाराज, भाटीब मठ के पावन सानिध्य में आयोजित नौ दिवसीय नवरात्रि अनुष्ठान श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। नौ दिनों तक मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, माताजी की आराधना और भजन-कीर्तन का दौर जारी रहा। इस दौरान आसपास के गांवों सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और माताजी के दर्शन कर पूज्य गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया।

नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ धार्मिक आयोजनों में भाग लिया। भजन संध्या के दौरान माताजी के जयकारों और भजनों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। अनुष्ठान की पूर्णता पर क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली, सामाजिक सद्भाव और जनकल्याण की मंगलकामना की गई। इस अवसर पर आयोजित भोजन-प्रसादी में भी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। नौ दिवसीय अनुष्ठान के सफल आयोजन पर श्रद्धालुओं, ग्रामवासियों, युवाओं और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। आयोजन में ग्रामीणों की सहभागिता और सहयोग को महत्वपूर्ण बताया गया। कार्यक्रम में बड़गांव के ठाकुर मानवेन्द्र देव देवड़ा, ठाकुर भंवर सिंह रोड़ा, शंभू सिंह रोड़ा, चंदन सिंह, दीप सिंह, भावेश एम. राजपुरोहित, पोपटलाल प्रजापत, वीराराम, मफाराम, बाबूलाल, प्रकाश पुरोहित, हजारीराम पुरोहित,जयंतीलाल राणा, हरीश राणा सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

हम समस्त ग्रामवासी स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं कि हमें पूज्य गुरुदेव विष्णु पुरी जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। सणवी माताजी मंदिर केवल आसपास के क्षेत्र ही नहीं, बल्कि गुजरात सहित कई राज्यों के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। ग्रामवासियों के सहयोग से मंदिर में निरंतर विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलें और इस पवित्र धाम की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता निरंतर बढ़ती रहे।"

***—भूपेंद्र पुरोहित,** ग्रामीण रोड़ा*

बिलाड़ा क्षेत्र से हजारों लीटर दूध भेजा जा रहा है आरसीडीएफ को

क्षेत्र में पांच माह से सरस घी की भारी कमी, आरसीडीएफ भी लाचार

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

क्षेत्र से प्रतिदिन हजारों लीटर दूध संग्रह कर आरसीडीएफ (जोधपुर) को उपलब्ध करवाने के बावजूद यहां क्षेत्र की डेयरियों में पिछले पांच माह से घी की आपूर्ति नही हो रही है। जबकि इस क्षेत्र में सरस घी की ही अधिकतर मांग है।त्योहारी सीजन के दौर में यहां क्षेत्र में घी की मांग भी दुगनी हो चुकी है ऐसे में बाजार में नकली घी का कारोबार तेजी से बढ़ता जा रहा है। जिले के सभी डेयरी स्टोर पर इन दिनों सरस घी की उपलब्धता में भारी कमी से आमजन को परेशानी हो रही है।बिलाड़ा डेयरी में इन दिनों एक लिटर,पांच लीटर ओर बड़े टीन उपलब्ध नहीं है।और ना ही एक तय सीमा तक आमजन को घी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस क्षेत्र से 18 दूध उत्पादक सहकारी समितियां से दूध जोधपुर आरसीडीएफसी को पहुंचाया जा रहा है।

आने वाले दिनों में यहाँ क्षेत्र में शादी के सीजन शुरू हो जाएगी और वैसे भी इन दिनों दूध की डिमांड बढ़ चुकी है इसलिए सप्लाई पूरी तरह से नहीं हो पा रही है।जिले भर में प्रतिदिन 3 से 4 टन घी की डिमांड है, लेकिन आरसीडीएफसी अध्यक्ष रामलाल

बिश्नोई का कहना है कि उनके यहां प्रतिदिन 1 टन घी ही तैयार हो पा रहा है।विश्नोई ने बताया कि डेरी ने झालावाड़ अलवर सहित कई जिलों से डिमांड पूरी करने के लिए घी मांग करते हुए पत्र लिखा है। उन्हें उम्मीद है कि जयपुर से भी जल्द ही की आपूर्ति हो जाएगी।

निजी डेयरी और क्रीम घी के नाम पर बिक रहा नकली

मारवाड़ में शुद्धता का पर्याय माने जाने वाला सरस घी डेयरी स्टोर पर उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में निजी डेयरी वालो की इन दिनों बन आई है।ये लोग क्रीम से बनाया हुआ घी बता कर धड़ल्ले से बेच रहे हैं।कई दुकानदारों के यहाँ सरस के बड़े टीन ओर एक लीटर के पुराने पैक भी बिकते हुए देखे गए हैं। बिलाड़ा किसान दुग्ध उत्पादक डेयरी संघ के अध्यक्ष धन्नाराम हाम्बड़ एवं उपाध्यक्ष हनुमान राम राठौड़ ने स्पष्ठ बताया कि पिछले 5 महीनों में से हाल ही में उन्हें सिर्फ 15 टीन घी के मीले जो नही के बराबर है। मुख्य व्यवस्थापक गोपाराम गहलोत के अनुसार उनके स्टोर से प्रतिदिन 25 से 30 टीन बिक्री होती रही है।

जोधपुर और आसपास के क्षेत्र में गाय के दूध का उत्पादन ज्यादा है, जिसमें फैट की मात्रा दूसरे दूध देने वाले पशुधन जैसे भैंस इत्यादि से कम होती है इस कारण भी घी का प्रोडक्शन कम हो पाता है। प्रतिवर्ष दूध उत्पादन में कमी आना भी एक मुख्य कारण है।

-रामलाल विश्नोई अध्यक्ष आरसीडीएफसी जोधपुर

रामद्वारा चिमनाबाड़ी में तीन आचार्यों का बधावणा, महाप्रसादी में उमड़े श्रद्धालु

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

वैद्य रामकिशोर शास्त्री के बरसी महोत्सव में रामद्वारा चिमनाबाड़ी में धार्मिक कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर रेण धाम के आचार्य सज्जनराम महाराज, सिंथल के आचार्य क्षमाराम महाराज एवं खेड़ापा रामधाम के आचार्य पुरुषोत्तमदास महाराज का बधावणा किया गया। तीनों आचार्यों ने प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने तथा मानव जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया।आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में ओसवाल भवन में महाप्रसादी का आयोजन हुआ।

ब्रीफ न्यूज

मुझसे संगठन को क्या समस्या? बेटे के टिकट को लेकर राठौड़ की नाराजगी की चर्चा

थिंक राजस्थान • जयपुर

भाजपा में टिकट वितरण को लेकर सियासी हलचल के बीच वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ की नाराजगी सामने आने की खबर है। बेटे के टिकट को लेकर कथित तौर पर असंतोष जताते हुए राठौड़ ने संगठन से सवाल किया, "मुझसे ही संगठन को क्या समस्या है?" हालांकि, इस घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि बैठक में राठौड़ ने बेटे के टिकट को आरसीए में भी होल्ड पर रखने का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि टिकट कब तक होल्ड पर रखा जाएगा और एक ही परिवार को कई जगह टिकट दिए जाने के उदाहरण भी सामने रखे। इस दौरान उनके बैठक छोड़कर जाने की चर्चा भी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्थिति संभालते हुए राठौड़ से कहा कि वे वरिष्ठ नेता हैं और उनकी राय को महत्व दिया जाएगा। UGC और सरलीकरण के मुद्दों पर राजपूत समाज में नाराजगी तथा टिकट वितरण को लेकर उठे सवालों के बीच भाजपा और उसके परंपरागत राजपूत वोट बैंक के संबंधों पर भी चर्चा तेज हो गई है।

राजस्थान में विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान के तहत 2.40 लाख से अधिक पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए

18–19 वर्ष आयु वर्ग में 4,30,701 आवेदन प्राप्तः दोनों आयु वर्गों में फॉर्म-6 के कुल 7.78 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त

थिंक राजस्थान • जयपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजस्थान में पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए संचालित विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान के तहत 1 से 20 अक्टूबर 2026 तक कुल 2,40,534 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने बताया कि अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से 18–19 वर्ष आयु वर्ग के युवा एवं प्रथम बार मतदान के लिए पात्र नागरिकों के पंजीकरण पर फोकस किया जा रहा है। इस अवधि में युवा एवं जोड़े जाने से शेष रहे अन्य आयु वर्गों में फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जुड़वाने के लिए कुल 7,78,147 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

विशेष अभियान के तहत 18–19 वर्ष आयु वर्ग में कुल 4,30,701 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 1 अक्टूबर 2026 तक प्राप्त 31,600 अग्रिम आवेदन भी शामिल हैं। वहीं, 20 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग में 1 से 20 अक्टूबर 2026 तक कुल 3,47,446 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार दोनों आयु वर्गों में नाम जोड़ने के लिए कुल 7,78,147 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों में से 3,52,778 आवेदनों के संबंध में 7 दिवस की आपत्ति अवधि पूर्ण होने के उपरांत कार्यवाही की जाएगी।

आठ विधानसभा क्षेत्रों को प्रगति में सुधार के लिए चेतावनी

महाजन ने यह भी बताया कि मतदाता पंजीकरण अभियान की समीक्षा के दौरान पूर्व में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) की समीक्षा तथा 20 अक्टूबर 2026 की रिपोर्ट में लगातार न्यूनतम प्रगति वाले विधानसभा क्षेत्रों में शामिल पाए जाने पर आठ विधानसभा क्षेत्रों को प्रगति में सुधार के लिए चेतावनी दी गई है। इनमें नोखा, रामगंज मंडी, बाड़मेर, शिव, घाटोल, दांतारामगढ़, सांगोद एवं चौहटन शामिल हैं। संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विधानसभा क्षेत्रों में पात्र युवा एवं नवमतदाताओं के पंजीकरण की गति बढ़ाएं, नाम जोड़ने के लिए प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित करें तथा दैनिक प्रगति की नियमित समीक्षा करें।

2.40 लाख से अधिक वोटर्स के नाम जोड़े गए

महाजन ने बताया कि 1 से 20 अक्टूबर 2026 तक प्राप्त आवेदनों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा सकारात्मक निर्णय के उपरांत दोनों आयु वर्गों में कुल 2,40,534 पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। इनमें 18–19 वर्ष आयु वर्ग के 58% आवेदनों का निस्तारण कर 1,39,972 तथा 20 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के 54% आवेदनों का निस्तारण कर 1,00,562 मतदाता शामिल किये गये हैं। शेष आवेदनों के संबंध में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

दोनों आयु वर्गों में अग्रणी जिले

18-19 वर्ष आयु वर्गः मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु प्राप्त आवेदनों की उपलब्धि के प्रतिशत के आधार पर बूंदी, भरतपुर, धौलपुर, करौली, अलवर, टोंक, बालोतरा, चूरू, कोटपूतली-बहरोड़ एवं सवाई माधोपुर अग्रणी जिलों में शामिल हैं।

20 वर्ष एवं अधिक आयु वर्गः 1 से 20 अक्टूबर 2026 के दौरान प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर जयपुर, अलवर, चूरू, करौली, जोधपुर, सीकर, उदयपुर, भीलवाड़ा, पाली एवं बांसवाड़ा अग्रणी जिले रहे हैं।

विस क्षेत्रवार प्रदर्शन

18-19 वर्ष आयु वर्गः आवेदन प्राप्ति की उपलब्धि प्रतिशत के आधार पर बसेड़ी, गुड़ामालानी, कठूमर, अलवर ग्रामीण, नदबई, खेरवाड़ा, सपोटरा, लाडनूं, बाड़ी एवं वैर अग्रणी विधानसभा क्षेत्रों में शामिल हैं।

20 वर्ष एवं अधिक आयु वर्गः प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर झोटवाड़ा, विद्याधर नगर, टोडाभीम, सुजानगढ़, बानसूर, गंगापुर, श्रीमाधोपुर, राजगढ़-लक्ष्मणगढ़, हिण्डौन एवं जालौर अग्रणी विधानसभा क्षेत्र रहे हैं।

पात्र नागरिक ऑनलाइन भी कर सकते हैं आवेदन

राज्य में अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को अभियान की निरंतर निगरानी करने तथा प्राप्त आवेदनों का शीघ्र एवं नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पात्र नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल voters.eci.gov.in अथवा ECINET के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

पंचायतीराज आम चुनावः सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

मतदान दलों का अंतिम प्रशिक्षण सम्पन्न, चुनाव सामग्री देकर किया रवानगी, जिला परिषद व पंस सदस्य के चुनाव आज

मतदान कार्मिक पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंः निर्वाचन पर्यवेक्षक

थिंक राजस्थान • फलौदी

पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत जिले में 22 अक्टूबर को जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य तथा 24 अक्टूबर को पंच व सरपंच के चुनाव होंगे। मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण बुधवार को जयनारायण मोहनलाल पुरोहित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय फलौदी में दिया गया। प्रथम पारी में देचू,बाप, बापिणी, सेतरावा, घंटियाली तथा द्वितीय पारी में फलौदी, पीलवा, आऊ व लोहावट के दलों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान निर्वाचन पर्यवेक्षक कालूराम,जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक आदित्य काकड़े,उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका तलानिया सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में दलों को चुनाव सामग्री उपलब्ध करवाकर संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया।

मतदान दलों की रवानगी से पूर्व आयोजित प्रशिक्षण में निर्वाचन पर्यवेक्षक कालूराम ने मतदान कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मतदान कार्मिक पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं निर्भयता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने कहा कि मतदान दल अपने निर्धारित रूट के अनुसार समय पर मतदान केन्द्र पर पहुंचकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मतदान केन्द्र पर पहुंचने के बाद ईवीएम की स्थापना, मॉक पोल सहित निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सभी निर्धारित कार्य नियमानुसार पूर्ण किए जाएं। किसी भी परिस्थिति में लापरवाही नहीं बरती जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 22 अक्टूबर को निर्धारित मतदान केन्द्रों पर प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान प्रारंभ होने से पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मॉक पोल करवाया जाएगा तथा उसके पश्चात मतदान शुरू किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर पीने का पानी, विद्युत, छाया, रैम्प, व्हीलचेयर, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैठक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, महिलाओं एवं अन्य जरूरतमंद मतदाताओं के लिए सुगम एवं सहज मतदान की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

चूरू पुलिस लाइन में 154 शहीदों को श्रद्धांजलि, एसपी सहित 25 पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान

थिंक राजस्थान • चूरू

शहीद दिवस पर बुधवार को पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर कार्यक्रम आयोजित कर कर्तव्य निर्वहन के दौरान प्राण न्योछावर करने वाले 154 पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों और शहीद परिवारों ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों के बलिदान को नमन किया।

कार्यक्रम में 51 पुलिसकर्मियों की प्लाटून ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने शहीदों के साहस और कर्तव्यनिष्ठा को याद किया। इस दौरान हेड कांस्टेबल भीमसिंह शेखावत और शहीद घीसालाल के बलिदान का भी स्मरण किया गया। भीमसिंह शेखावत 1991 में लोकसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान और घीसालाल 1998 में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए थे। श्रद्धांजलि के बाद स्मृति वन में पौधरोपण किया गया। एसपी ने शहीद परिवारों और सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों से संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना। मानव सेवा के संदेश के साथ आयोजित रक्तदान शिविर में एसपी सहित 25 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में पुलिस, जीआरपी और आरएसी के जवानों सहित शहीद परिवारों के सदस्य मौजूद रहे।

जॉली एलएलबी 4 में अरशद निभाएंगे लीड किरदार

नई दिल्ली। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके पहले पार्ट में अरशद वारसी ने अपनी परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया था, वहीं दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने शानदार परफॉर्मेंस दी थी। सबसे खास था तीसरा पार्ट, क्योंकि इसमें दोनों एक्टर्स एक साथ थे। वहीं,अब इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म भी आ रही है। लेकिन हो सकता है कि अक्षय कुमार जॉली एलएलबी 4 का हिस्सा ना बनें। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में 'जॉली' के किरदार में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक 'प्रीक्वल' होगी।

लाइफ Style

साई

प्री-रिलीज इवेंट में गाया सुरीला भजन

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। 'रामायण' को बड़े लेवल पर बनाया गया है और अब एक्टर्स इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब हाल ही में हुए एक इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। सोमवार को हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में साई पल्लवी गुलाबी साड़ी पहनकर इवेंट में पहुंची थीं। कार्यक्रम के दौरान होस्ट सुमा ने उनसे गाना गाने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ रणबीर कपूर और यश भी नजर आए। शुरुआत में साई थोड़ी झिझकती नजर आईं, लेकिन फिर उन्होंने पूछा कि क्या वह कोई भजन गा सकती हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए भजन गाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी पूरे सहज अंदाज में भजन गाती नजर आईं। उनके इस खास पल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल होने लगे। फैंस ने भी उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ की। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायणः राइज ऑफ ए लेजेंड' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है।

हॉलीवुड मसाला

जुमांजी-5 का आया नया पोस्टर

नई दिल्ली। हॉलीवुड सिनेमा जगत के लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें ड्वेन जॉनसन स्टारर जुमांजी का नाम जरूर शामिल होगा। लंबे समय से जुमांजी पार्ट-5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब जुमांजी 5 का एक और नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे ड्वेन जॉनसन ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के मुख्य किरदार गेम की दुनिया और असली दुनिया के बीच फंसे हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा- दो दुनिया टकरा रही हैं। एक आखिरी गेम।

सहारा रे खुद का स्विमवियर लेबल किया था लॉन्च

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर की एक्स गर्लफ्रेंड सहारा रे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ महीनों पहले ही वह बेटी की मां बनी थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी आखिरी पोस्ट अपने मातृत्व पर ही की थी। रे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी के तौर पर अपना कैरियर बनाया और अपना खुद का स्विमवियर लेबल, सहारा रे स्विम लॉन्च किया। 2016 में हवाई यात्रा के दौरान जस्टिन बीबर के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद वे सुर्खियों में आईं। उनका नाम ऑस्ट्रेलियाई गायक कोडी सिम्पसन से भी जोड़ा गया था। सहारा के पिता ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग के दिग्गज टोनी रे थे। उन्होंने अपना अधिकांश बचपन ऑस्ट्रेलिया, कैलिफोर्निया के बीच यात्रा करते हुए बिताया।

करण ने किया 'आफ्टर डार्क' का ऐलान

नई दिल्ली। 19 अक्टूबर को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रेंचाइजी के 14 साल पूरे होने के मौके पर, करण जौहर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्म मेकर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' नाम की एक नई वेब सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शनाया कपूर नजर आएंगी। यह सीरीज मूल फिल्मों के कैंपस ग्लैमर को छोड़कर, रहस्य, हिंसा और डर से भरी एक डार्क दुनिया की कहानी पेश करेगी। यह वेब सीरीज 13 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। पहले लुक में शनाया कपूर खून से सनी हालत में नजर आ रही हैं, जो इस बात का इशारा है कि यह कहानी उस फ्रेंचाइजी से बिल्कुल अलग होगी जिसे दर्शक अब तक जानते आए हैं। सोशल मीडिया पर इस घोषणा को शेयर करते हुए, करण ने फ्रेंचाइजी के सफर को याद किया और इसके नए रूप की झलक दी।

नेपाल में रिलीज नहीं होगी उड़ता तीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खराना और एक्ट्रेस सारा अली खान का नाम इन दिनों आने वाली फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। स्पाई कॉमेडी जॉनर की इस मूवी की रिलीज में अधिक समय नहीं बचा है और इससे पहले नेपाल ने उड़ता तीर की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिंदी फिल्म उड़ता तीर की स्क्रीनिंग केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने नेपाल में की गई और इस दौरान ये पाया गया है कि फिल्म में राष्ट्रीय सिनेमा अधिनियम की धारा 8(3) का उल्लघंन किया पाया गया है। इसकी वजह से इस फिल्म की रिलीज को मंजूरी नहीं दी जाएगी। इस मूवी का कंटेंट राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या मित्र देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की उड़ता तीर को 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

टीवी पर 'अप्सरा' बनकर कमबैक कर रहीं अविका

नई दिल्ली। अविका गोर, स्टार प्लस के आने वाले सुपरनैचुरल शो 'अप्सरा' में 'अप्सराओं की रानी' के रूप में टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो के शानदार प्रीमियर एपिसोड में वह अपनी दमदार मौजूदगी, वोस और गहरी भावनाओं के साथ नजर आएंगी। समुद्र मंथन से प्रेरित, मुक्ता ढोंड के इस प्रोडक्शन में समीक्षा जायसवाल 'सुनहरी' का किरदार निभा रही हैं। कहानी में सुनहरी बुरी ताकतों से लड़कर अमृत की रक्षा करती है और साथ ही अपने लोगों को भी सुरक्षित रखती है। इस शो में पारस कलनावत, अनुष्का मर्डे और अदा खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो से जुड़ने के बारे में बात करते हुए, अविका कहती हैं, 'मेरे लिए किरदार और कहानी मायने रखती है, मीडियम कोई भी हो। जब मुझे यह किरदार मिला, तो इसमें मौजूद कई लेयर्स देखकर मैं प्रभावित हो गई। यह पावरफुल और प्रभावशाली है लेकिन साथ ही उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। इस किरदार को निभाने से मुझे रोमांस और एक्शन से लेकर भावनात्मक पलों और डांस तक, सब कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिला। इस फैंटेसी दुनिया को जीवंत बनाने के लिए भव्य कॉस्ट्यूम, गहने और खास स्टाइलिंग की जरूरत थी। अविका इस ट्रांसफॉर्मेशन को अपने आप में एक अनोखा अनुभव बताती हैं, जहां हर छोटी डिटेल ने उन्हें अपने किरदार में ढलने में मदद की। वह इस शानदार और अलग दुनिया को रचने का क्रेडिट प्रोड्यूसर मुक्ता ढोंड और विक्रम घई को देती हैं। साथ ही, वह बताती हैं कि मनीष और अदा खान के साथ काम करने से यह अनुभव और भी मजेदार हो गया।

बिग बॉस से खत्म हुआ अमन का सफर

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के हालिया वीकेंड का वार में काफी ड्रामा देखने को मिला। एक तरफ सलमान खान ने कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाई, तो वहीं अमन गांधी का शो से सफर खत्म हो गया। अमन गांधी के एक्जिशन पर आरिश्फा खूब रोते हुए नजर आईं। इनके अलावा होस्ट सलमान खान ने यह अपडेट भी दिया कि अगला वीकेंड का वार में वह नजर नहीं आएंगे। शो को कौन होस्ट करेगा इसकी जानकारी भी भाईजान ने सभी को दी। 'बिग बॉस 20' से बीते दिन अमन गांधी का सफर खत्म हो गया है। सलमान खान ने बताया था कि इस हफ्ते जो तीन कंटेस्टेंट्स बॉटम जोन में हैं, उनमें अमन गांधी, उदिति सिंह और मेरी कॉम शामिल हैं। उदिति के पास दो लाइफलाइन थीं, जबकि अमन और मेरी के पास एक-एक ही लाइफ लाइन बची थी। ऐसे में अमन गांधी कम वोट मिलने की वजह से बाहर हो गए।

रामायण के बाद आएंगी जटायू, अंगद हनुमान और इंद्रजीत पर फिल्में

नई दिल्ली। रामायण मूवी से जुड़े एक इवेंट में मेकर्स ने अपना विजन रिवील करते हुए सबके होश उड़ा दिए हैं। रामायण पार्ट-1 और पार्ट-2 के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सनी देओल सरप्राइज फैक्टर बने हुए हैं। फिल्म से रणबीर कपूर (राम), साई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और अन्य किरदारों के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं, लेकिन सनी देओल का लुक सीक्रेट रखा गया है। फिल्म में सनी देओल हनुमान जी का रोल प्ले करते नजर आएंगे और अब खबर है कि सनी देओल को लेकर नमित मल्होत्रा एक अलग फिल्म भी प्लान कर रहे हैं। नमित मल्होत्रा का विजन काफी बड़ा है, वह सिर्फ 'रामायण' तक नहीं रुकने वाले हैं। इसके बाद वह उन किरदारों को लेकर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनकी कहानी अभी तक लोगों के लिए अनसुनी रही है।

इन किरदारों पर आएंगी अलग फिल्में? : रामायण पार्ट-2 के बाद मेकर्स अंगद, हनुमान, जटायू, इंद्रजीत और शूर्पनखा पर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं। हर किरदार की कहानी लोगों ने 'रामायण' मूवी में तो सुनी है, लेकिन उनकी अपनी कहानी क्या है? नई पीढ़ी इससे काफी हद तक अछूती रह जा रही है। इसके अलावा क्योंकि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल लेवल पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह भारत के टूरिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और अन्य पहलुओं पर भी काफी बड़ा गेम साबित हो सकती है। एक यूजर ने इवेंट की झलकियां लीक करते हुए लिखा- भाई साहब, नमित बहुत बड़ा गेम खेलने की सोच रहा है।

यहीं नहीं रुकने वाली है रामायण की कहानी

हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट में 'रामायण' मूवी से सनी देओल का हनुमान जी वाला लुक रिवील किया गया। इसके अलावा मेकर्स ने इसी इवेंट में एक और शॉकिंग ऐलान करते हुए बताया कि 'रामायण : पार्ट-2' के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। मेकर्स ने कई स्पिन ऑफ मूवी प्लान की हैं। तकरीबन 4 हजार करोड़ रुपये की लागत में बन रही फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने रामायण-2 के बाद उनकी अपकमिंग अन्य फिल्मों के पोस्टर्स रिलीज किए और बताया कि असल में यह हमारे सफर की बस शुरुआत भर है।

अक्का का टीजर जारी, आमने सामने होंगी कीर्ति और राधिका

मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे जल्द ही आने वाली सीरीज 'अक्का' में एक साथ नजर आएंगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। अब नेटफ्लिक्स ने कीर्ति के जन्मदिन के मौके पर सीरीज का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। टीजर में कीर्ति सुरेश 'भवानी' और राधिका आप्टे 'रुद्रा' के किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में ऐसी जगह की कहानी दिखाई गई है, जहां 800 साल से औरतों का राज चलता है। इसके बाद कीर्ति की एंट्री होती है, जो कहती हैं कि हमारे यहां औरतें सिर्फ घर नहीं, कारोबार भी चलाती हैं। वहीं, जो भी उनके खिलाफ जाता है उसे सख्त सजा भी मिलती है। लास्ट में राधिका का एक छोटा सा सीन दिखाई देता है, जो कहता है कि बहनों का राज खत्म करने का समय आ गया है। ऐसे में यह साफ है कि सीरीज में राधिका और कीर्ति आमने-सामने नजर आएंगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इस सीरीज की कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की

महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा इस सीरीज में तन्वी आजमी भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विधानी इसके कार्यकारी निर्माता हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। एक बयान के अनुसार, कीर्ति ने कहा, 'हर साल दर्शकों से मिलने वाला प्यार इस दिन को मेरे लिए बेहद खास बनाता है। 'अक्का' के टीजर को रिलीज करके अपना जन्मदिन मनाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है।

एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक

सिनेमा में छाई अरबपतियों पर बनीं ये बिलिनेयर बायोपिक फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बड़े-बड़े अरबपतियों की निजी जिंदगी की कहानी किसी फिल्म स्टोरी से कम नहीं होती है। संघर्ष से लेकर सफलता के मुकाम तक पहुंचने का सफर सिनेमा के आईने से काफी खूबसूरत नजर आता है। आज इस लेख में हम आपको एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग जैसे विश्व के उन बिलिनेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जीवन पर बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं या फिर भविष्य में रिलीज होने वाली हैं।

द सोशल रेकनिंग

सोशल मीडिया कंपनी मेटा के सह-संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर मार्क जुगरबर्ग को जाना जाता है। इनका नाम दुनिया के 10 सबसे अमीर टेक बिजनेसमैन में से एक है। इतना ही नहीं फेसबुक के संस्थापक के तौर पर भी जुगरबर्ग की पहचान है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द सोशल रेकनिंग में जुगरबर्ग की कहानी को दर्शाया गया है, जिसका डायरेक्शन आरोन सोर्किन ने किया है। इस मूवी में हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने मार्क जुगरबर्ग की भूमिका निभाई है।

द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड

फ्रेंच-बेल्जियन कॉमेडी-ड्रामा फिल्म द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड में फ्रांस की मशहूर कॉस्मेटिक्स कंपनी L'Oral (लोरियल) की उत्तराधिकारी लिलियन बेटेनकोर्ट की कहानी को दर्शाया गया है। साथ ही कानूनी विवाद के जीवन संघर्ष को भी इसमें शामिल किया गया है। ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी और ये अमेजन प्राइम वीडियो पर भी मौजूद है।

आर्टिफिशियल

दुनिया के मशहूर बिजनेसमैन और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के जीवन पर आधारित फिल्म आर्टिफिशियल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मूवी में स्पाइडर-मैन फेम हॉलीवुड सुपरस्टार एंड्रयू गारफील्ड सैम का किरदार निभा रहे हैं और ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

स्वाइप्ड

साल 2025 में रिलीज होने वाली बायोग्राफिकल ड्रामा हॉलीवुड फिल्म स्वाइप्ड का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। जिसमें ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर की सह-संस्थापक और बाद में बंबल की स्थापना करने वाली व्हिटनी वोल्फ हर्ड की कहानी को दिखाया गया है। मूवी में हॉलीवुड अभिनेत्री लिली जेम्स ने वोल्फ का किरदार निभाया है।

मस्क : डॉक्यूमेंट्री

इस सूची में अगला नाम दुनियाभर के सबसे अमीर बिजनेसमैन और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क का आता है। टेस्ला और स्पेश एक्स जैसे कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के लिए मशहूर मस्क के जीवन पर बनने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रीमियर बीते महीने 8 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसके बाद इसे 9 अक्टूबर को अमेरिकी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।

एशियन पैरा गेम्स : एथलीटों का शानदार प्रदर्शन, भारत ने जीते 50 से अधिक मेडल

एजेंसी ▸▸ नागोया

एशियन पैरा गेम्स में बुधवार को भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के कुल पदकों की संख्या को 50 के पार पहुंचा दिया है। पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में भारतीय धावकों ने पहला और दूसरा स्थान हासिल करते हुए देश की झोली में गोल्ड और सिल्वर दोनों पदक डाले। भारत के दिलीप गावित ने 10.69 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मोर्सिंगानकथ 10.72 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे और रजत पदक अपने नाम किया।

100 मीटर टी47 में दिलीप गावित ने जीता गोल्ड

पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत ने एक और यादगार प्रदर्शन किया। दिलीप गावित (टी46 वर्ग) ने पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ाया, जबकि मोहम्मद बेसिल मोर्सिंगनाकाथी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दिलीप गावित (टी46 कैटेगरी) ने 10.69 सेकंड के शानदार समय के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, बेसिल (टी47 कैटेगरी) ने 10.72 सेकंड का समय निकालकर सिल्वर मेडल जीता और इस स्पर्धा में एक नया 'गेम्स रिकॉर्ड' भी बनाया। इससे पहले, दिलीप गावित एशियन पैरा गेम्स 2022 में मेंस 400 मीटर टी47 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था, जो इन खेलों में भारत का ऐतिहासिक 100वां मेडल था। उन्होंने पेरिस 2024 पैरालंपिक्स में भी पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर देश को गौरवान्वित किया।

ऊंची कूद : प्रवीण कुमार ने जीता गोल्ड

प्रवीण कुमार ने बुधवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊंची कूद टी44/64 स्पर्धा में खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि बंटी ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। प्रवीण ने 2.05 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक, जबकि बंटी ने 1.92 मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। टी64 और टी44 वर्ग के एथलीट अक्सर संयुक्त स्पर्धा में एक साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं क्योंकि विश्व पैरा एथलेटिक्स पर्याप्त प्रतियोगियों और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए निचले अंगों के वर्गों को एक समूह में रखता है। टी64 उन एथलीटों के लिए है, जो कृत्रिम निचले अंगों का उपयोग करते हैं, जबकि टी44 उन एथलीटों के लिए है, जो निचले अंगों से दिव्यांग होते हैं लेकिन वह कृत्रिम अंगों का उपयोग नहीं करते हैं।

शॉट पुट एफ53 : आयुष वर्मा ने जीता स्वर्ण पदक

आयुष वर्मा ने बुधवार को पुरुषों की शॉट पुट एफ53 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खाते में दूसरा पदक जोड़ा। आयुष ने अपने पांचवें प्रयास में 8.16 मीटर का थ्रो करके पहला स्थान हासिल किया। ईरान के अलीरेजा हेमामी 8.09 मीटर के साथ दूसरे, जबकि कजाकिस्तान के मखाम्बेट सेरिक्कालियेव 6.81 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। आयुष ने इससे पहले मंगलवार को पुरुषों की भाला फेंक एफ53/एफ54 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। एफ53 उन एथलीटों के लिए है जिनकी धड़ और पैरों की गति अत्यधिक जबकि हाथों की पकड़ कम प्रभावित होती है। वे बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपनी छाती, ऊपरी पीठ और कंधों का उपयोग करके ताकत लगाते हैं।

सिमरन ने 100 मीटर दौड़ में लहराया तिरंगा

भारतीय पैरा स्प्रिंटर सिमरन शर्मा ने अपना दूसरा गोल्ड मेडल जीत लिया। सिमरन ने महिलाओं की 100 मीटर टी12 वर्ग की फाइनल रेस में 12.02 सेकंड का गेम्स रिकॉर्ड समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया। इसी के साथ हीट्स में बनाए गए अपने ही पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। इससे पहले, मंगलवार को सिमरन ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 कैटेगरी में 24.80 सेकंड का समय निकालकर गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता था। 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टॉप्स) से समर्थित सिमरन ने 12.13 सेकंड के अपने पिछले गेम्स रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने हांगझोऊ में आयोजित एशियन पैरा गेम्स 2022 में इसी स्पर्धा में 12.68 सेकंड के समय के साथ सिल्वर मेडल जीता था। इस बार उन्होंने अपने समय में 0.66 सेकंड का सुधार करते हुए इसे गोल्ड में बदल दिया।

सिंधू उलटफेर से बाल बाल बची फ्रेंच ओपन के अगले दौर में



पेरिस (भाषा)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उलटफेर का शिकार होने से बाल बाल बची और दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी थाइलैंड की सुपनिदा केतेथोंग को हराकर अगले दौर में पहुंच गई। पूर्व विश्व चैम्पियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही सिंधू ने एक घंटे से अधिक चले मुकाबले में 21.14, 8.21, 23 . 21 से जीत दर्ज की। एक अन्य महिला एकल मैच में उन्नति हुड्डा जापान की रिको गुंजी से 18. 21, 12.12, 17. 21 से हारकर बाहर हो गई। आयुष शेट्टी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए किदांबी श्रीकांत को एक घंटे से कम समय में 19-21, 21-16, 21-12 से हराकर पुरुष एकल के अगले दौर में प्रवेश किया। इस बीच भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष एकल खिलाड़ी और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने जापान के विश्व नंबर नौ कोडाई नाराओका को शुरुआती दौर में वॉकओवर दे दिया।

भारत ने 2022 में खेला था न्यूजीलैंड में टी20 मैच

सिर्फ 2 दिन के अभ्यास के साथ न्यूजीलैंड दौरे का आगाज आज से

एजेंसी ▸▸ क्राइस्टचर्च

पिछली दो टी20 श्रृंखलाओं में अपराजेय रही भारतीय टीम को न्यूजीलैंड आकर आराम करने, अनुकूलन और अभ्यास के लिए दो ही दिन का समय मिला लेकिन अपने बल्लेबाजों के दम पर श्रेयस अय्यर की टीम जीत के साथ दौरे का आगाज करना चाहेगी। न्यूजीलैंड में पिछली बार भारत ने 2022 में नेपियर में टी20 मैच खेला था और वर्षाबाधित वह मैच डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ड्रॉ रहा था।

भारत ने वह श्रृंखला जीती थी चूंकि खराब मौसम के कारण एक ही मैच हो सका था। भारत के सिर्फ 4 बल्लेबाज पहले न्यूजीलैंड में टी20 खेल चुके हैं, जिनमें कप्तान अय्यर, ईशान किशन, संजू सैमसन और शिवम दुबे शामिल हैं। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और वैभव सूर्यवंशी भले ही आक्रामक पारियां खेलने में माहिर हों लेकिन यहां की तेज और उछालभरी पिचों पर उन्हें ढलने में समय लग सकता है।

अय्यर के सामने कड़ी चुनौती

अय्यर की कप्तानी की शुरूआत आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ पराजय के साथ हुई और अब उनके सामने खुद को कठिन परिस्थितियों में साबित करने की चुनौती होगी। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला ड्रॉ खेली। अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला भी उसी तरह रहती है जैसे इंग्लैंड के खिलाफ थी तो अय्यर पर दबाव बढ जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि दो साल बाद आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्व कप में वह भारत के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खत्म होने के बाद भारत से लंबी उड़ान लेकर यहां पहुंचने पर अय्यर ने कहा कि उनकी टीम को अलग अलग हालात में खेलने की आदत है।

पंड्या-बुमराह टीम से बाहर

भारतीय टीम में चोटिल हरफनमौला हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी नहीं हैं। बुमराह इस दौरे पर सिर्फ वनडे या टेस्ट खेलेंगे। सूर्यवंशी के खेलने की उम्मीद कम ही है लेकिन अभिषेक और सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद वापसी हुई है और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती फिट होकर टीम में लौटे हैं। हरफनमौला नीतीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे को अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी।

टीमें इस प्रकार

भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल? शिवम दुबे, नीतिश कुमार रेड्डी, नमन धीर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार , वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।

न्यूजीलैंड : मिचेल सेंटनेर (कप्तान), फिन एलेन, मिचेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन , जाक फोकेस, मैट हेनरी, बेवोन जैकब्स, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम सीफर्ट, नाथन स्मिथ।

मैच का समय : दोपहर 12 . 30 से ।

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में दमखम दिखाएंगे म्हारे सात पहलवान

रोहतक

भारतीय कुश्ती संघ ने आगामी सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय फ्री कुश्ती टीम का ऐलान कर दिया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक कजाकिस्तान में आयोजित की जाएगी, जिसमें देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 10 प्रतिभाशाली पहलवानों का चयन किया गया है। इसमें 57 किलोग्राम में झज्जर के राहुल देशवाल, 61 किलोग्राम में दिल्ली के निखिल, 65 किलोग्राम में चरखी दादरी के सुजीत कलकल, 70 किलोग्राम में हिसार के विशाल कालीरमन, 74 किलोग्राम में पानीपत के सागर जागलान, 79 किलोग्राम में उत्तर प्रदेश के सौरभ यादव, 86 किलोग्राम में झज्जर के पुष्पेंद्र, 92 किलोग्राम में रोहतक के सचिन, 97 किलोग्राम में रोहतक के विक्की हुड्डा और 125 किलोग्राम में पंजाब के जसपूरन सिंह का चयन हुआ है। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

रणजी ट्रॉफी : मुंबई ने हिमाचल को पारी के अंतर से हराया

नई दिल्ली (एजेंसी)। रणजी ट्रॉफी में बुधवार को चार बड़े मुकाबलों के नतीजे निकले। मुंबई ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हिमाचल प्रदेश को हराया। वहीं, केरल और पंजाब ने भी बड़ी जीत दर्ज की। रणजी ट्रॉफी एलीट के ग्रुप डी में मुंबई ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश को एक पारी और 97 रनों से हराया। पहली पारी में हिमाचल की पूरी टीम सिर्फ 140 रन बनाकर ऑलआउट हुई। इसके जवाब में मुंबई ने सरफराज खान की 154 रनों की लाजवाब पारी के बूते 8 विकेट खोकर 528 रन बनाने के बाद अपनी पारी को घोषित किया। दूसरी पारी में भी हिमाचल प्रदेश के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और पूरी टीम 291 रन बनाकर ऑलआउट हुई। वहीं, रणजी ट्रॉफी एलीट के ग्रुप बी में पंजाब ने छत्तीसगढ़ को 7 विकेट से शिकस्त दी।

केरल बनाम ओडिशा

केरल ने ओडिशा को एक पारी में 36 रनों से रौंदा। केरल ने पहली पारी में 404 रन बनाए, जिसके जवाब में ओडिशा की पूरी टीम 225 रन बनाकर ऑलआउट हुई। ओडिशा को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा और टीम दूसरी पारी में 143 रन बनाकर सिमटी। जीत के नायक मोहम्मद ने 139 रनों की पारी खेली।

हैदराबाद बनाम आंध्र

हैदराबाद ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आंध्र को 267 रनों से हराया। पहली पारी में हैदराबाद में 275 रन बनाए, जिसके जवाब में आंध्र की पूरी टीम 184 रन बनाकर सिमटी। दूसरी इनिंग में 7 विकेट खोकर 306 रन बनाने के बाद हैदराबाद ने अपनी पारी को घोषित किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आंध्र की पूरी टीम महज 130 रन बनाकर ढेर हो गई।

अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का शेड्यूल घोषित, 21 जनवरी से आगाज

एजेंसी ▸▸ दुबई

भारत आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने के अभियान की शुरुआत 22 जनवरी को काठमांडू में वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का कार्यक्रम घोषित किया, जो 21 जनवरी से 6 फरवरी तक बांग्लादेश और नेपाल में खेला जाएगा।

इस प्रतियोगिता में 16 टीम भाग लेंगी, जिन्हें चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रतियोगिता के मैच चट्टोग्राम, सिलहट और काठमांडू में खेले जाएंगे। दो बार के चैंपियन भारत को सह-मेजबान नेपाल, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। बांग्लादेश और यूएई 21 जनवरी को टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच खेलेंगे, जबकि इसी दिन सिलहट में ऑस्ट्रेलिया का सामना नाइजीरिया से होगा। ग्रुप चरण के मैच 26 जनवरी तक खेले जाएंगे। इसके बाद सुपर सिक्स शुरू होगा। दोनों सेमीफाइनल चार फरवरी को चट्टोग्राम में खेले जाएंगे। फाइनल भी छह फरवरी को चट्टोग्राम में ही होगा।

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगा भारत

आईसीसी रैंकिंग
राशिद की बादशाहत बरकरार, टॉप 10 में शाई होप की एंट्री

दुबई (एजेंसी)। जिम्बाब्वे के खिलाफ ट्राई सीरीज के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज राशिद खान ने गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में अपनी नंबर एक की पोजीशन को और मजबूत कर लिया है। साउथ अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ताजा वनडे बॉलिंग रैंकिंग में तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। अफगानिस्तान के बल्लेबाज सेदिकुल्ला अटल को भी ताजा रैंकिंग अपडेट से बड़ा फायदा मिला है। जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाने के बाद वह वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 32वें से 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप टॉप 10 में आ गए हैं। शेरफेन रदरफोर्ड छह स्थान ऊपर चढ़कर 18वें नंबर पर आ गए हैं।

सिलिकॉन वैली ओपन दूसरे दौर में अनाहत

नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह अमेरिका के रेडवुड सिटी में खेली जा रही सिलिकॉन वैली ओपन स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंच गई हैं। उन्होंने अपने पहले मैच में मिस्र की नूर अबुलमकारिम को 11-8, 11-8, 12-10 से हराया। जापान में हाल ही में हुए एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने 143,500 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता का पहला मैच केवल 31 मिनट में जीता। विश्व जूनियर चैंपियन अनाहत का अगला मुकाबला मिस्र की विश्व में नंबर तीन और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त नूर एलशेरबिनी से होगा।

कल से राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप

अहमदाबाद। अहमदाबाद 23 से 31 अक्टूबर तक पहली राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। 9 दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में 13 देश हिस्सा लेंगे। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) की स्वीकृति से भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) की ओर से आयोजित इस चैंपयिनशिप में 23 टीम और 400 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान 62 मुकाबले होंगे। भारतीय पुरुष टीम की कप्तानी सुरजीत सिंह करेंगे जबकि महिला टीम की कमान निधि शर्मा संभालेंगी।

मिश्रा दिल्ली कैपिटल्स के स्पिन बॉलिंग कोच बने

नई दिल्ली। भारत के पूर्व लेग स्पिनर अमित मिश्रा IPL टीम दिल्ली कैपिटल्स के स्पिन बॉलिंग कोच बनाए गए हैं। दिल्ली ने कुछ दिन पहले सौरव गांगुली को हेड कोच और युवराज सिंह को असिस्टेंट कोच बनाया था। वहीं, श्रीलंका के चामिंडा वास को फास्ट बॉलिंग कोच बनाया गया। अमित मिश्रा ने अपने IPL करियर की शुरुआत दिल्ली की फ्रेंचाइजी से ही की थी। उस समय टीम का नाम दिल्ली डेयरडेविल्स था। वे 10 सीजन दिल्ली के लिए खेल चुके हैं। मिश्रा लीग में 3 हैट्रिक लेने वाले इकलौते गेंदबाज भी हैं।

चैंपियंस लीग : यामल की चमक फीकी, तालिका में टॉप पर पहुंची पीएसजी

पीएसजी ने रोका बार्सिलोना का विजयी अभियान

एजेंसी ▸▸ पेरिस

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लामिन यामल के शानदार प्रदर्शन के बावजूद बार्सिलोना को 4-2 से हराकर उसका 11 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ते हुए चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

इस मैच का रोमांचक अंत हुआ, जिसमें आखिरी 20 मिनट में चार गोल किए गए। इससे पीएसजी लिवरपूल के साथ उन चुनिंदा टीमों में शामिल हो गई है, जिन्होंने अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं।

रुइज के गोल से जीती पीएसजी

यामल ने खूबसूरत गोल करके करके बार्सिलोना को पीएसजी के खिलाफ 2-2 से बराबरी दिला दी थी। पीएसजी ने हालांकि विटिन्हा के गोल से फिर से बढ़त हासिल कर ली। उसकी तरफ से फैबियन रुइज ने चौथा गोल करके जीत सुनिश्चित की। पीएसजी के लिए डौए और लुकास हर्नांडेज ने भी गोल किए। बार्सिलोना के लिए जावी एस्पार्ट ने भी गोल किया। मैनचेस्टर सिटी ने पीएसजी से मिली हार से उबरते हुए एईके एथेंस के खिलाफ 5-1 से शानदार जीत दर्ज की। एटलेटिको मैड्रिड ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए स्टटगार्ट के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

BCCI प्रेसिडेंट बोले- रोहित-विराट का चयन उम्र देखकर नहीं: वनडे वर्ल्डकप के लिए फिटनेस-फॉर्म सबसे अहम

नई दिल्ली। BCCI प्रेसिडेंट मिथुन मन्हास ने कहा है कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप में विराट कोहली और रोहित शर्मा का चयन उम्र से नहीं होगा। टीम में जगह के लिए दोनों की फिटनेस और प्रदर्शन को आधार बनाया जाएगा। यह टूर्नामेंट अक्टूबर-नवंबर 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होगा। मन्हास ने भारत के न्यूजीलैंड दौरे से पहले स्पोर्टस्टार को इंटरव्यू दिया। यह दौरा 22 अक्टूबर से शुरू होगा। रोहित-विराट 4 नवंबर से शुरू हो रही 5 वनडे की सीरीज में खेलते दिखेंगे।

मिथुन मनहास ने कहा कि वर्ल्ड कप टीम में चयन के लिए दोनों सीनियर बल्लेबाजों का लगातार अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी होगा। मुझे लगता है कि अगर कोई खिलाड़ी फिट है, अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और देश को जिता रहा है। तो

उसका चयन होना चाहिए।' रोहित-विराट वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के टॉप-3 स्कोरर में शामिल हैं।

वर्ल्ड कप के समय कितनी होगी रोहित-विराट की उम्र

रोहित शर्मा अप्रैल 2027 में 40 साल के हो जाएंगे। जबकि, विराट कोहली वर्ल्ड कप के दौरान 38 साल के होंगे। पूर्व क्रिकेटर्स और फैंस ने भारत के ट्रांजिशन प्लांस पर सवाल उठाए हैं। यह भी चर्चा है कि आने वाले वर्षों में दोनों सीनियर खिलाड़ियों की क्या भूमिका होगी। रोहित शर्मा की खराब वनडे फॉर्म के बीच उनके संन्यास की काफी चर्चा हुई थी। हालांकि, लॉर्ड्स में लगाए गए उनके शतक से ये चिंताएं कुछ हद तक दूर हुईं। विराट ने वनडे में अपनी भूमिका का अच्छा फायदा उठाया है। इस फॉर्मेट में उन्होंने ब्रैडमैन जैसा औसत रखते हुए लगातार रन बनाए हैं।

गिल की कप्तानी में सीनियर्स की भूमिका

मिथुन मन्हास ने यह भी बताया कि रोहित और विराट की मौजूदगी से शुभमन गिल को कप्तानी में मदद मिल सकती है। उन्होंने विराट के एमएस धोनी के मार्गदर्शन में सीखने और धोनी के सौरव गांगुली से मार्गदर्शन लेने का उदाहरण दिया। मनहास ने कहा, 'शुभमन पिछले दो या तीन साल से गुजरात टाइटन्स के कप्तान हैं। वे भारत की कप्तानी भी कर रहे हैं।

रुबियो ने रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी का किया दौरा, ऊर्जा संबंध मजबूत करने की कोशिश

एजेंसी ▶▶| जामनगर

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बुधवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के विशाल जामनगर परिसर का दौरा किया। उनके इस दौरे को भारत के साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाने की अमेरिकी कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

यह दौरा ऐसे समय हुआ है, जब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन भारत की तेल शोधन क्षमता का अधिक उपयोग करने, अमेरिकी ऊर्जा की खरीद बढ़ाने और भारतीय कंपनियों को अमेरिका में निवेश बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने की कोशिश कर रहा है।

दुनिया के सबसे बड़े तेल शोधन परिसर का किया दौरा

इस दौरे से जुड़े लोगों ने बताया कि रुबियो ने अपनी पत्नी 'जीनेट डौसडेबेस रुबियो के साथ एक ही जगह दुनिया के सबसे बड़े तेल शोधन परिसर, वनतारा वन्यजीव बचाव एवं संरक्षण केंद्र और रिलायंस के उभरते स्वच्छ ऊर्जा विनिर्माण केंद्र का दौरा किया। रुबियो कुछ घंटे जामनगर में रहे और इसके बाद अमेरिका के लिए रवाना हो गए।

ट्रंप प्रशासन भारत की तेल शोधन क्षमता का अधिक उपयोग करना चाह रहे

प्रतिदिन 14 लाख बैरल कच्चे तेल का प्रसंस्करण : रिलायंस का जामनगर परिसर प्रतिदिन करीब 14 लाख बैरल कच्चे तेल का प्रसंस्करण कर सकता है। यह वैश्विक बाजारों में डीजल और अन्य परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। विभिन्न किस्म के कच्चे तेल के प्रसंस्करण की क्षमता इसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बनाती है। खासकर ऐसे समय में, जब अमेरिका, भारत को वेनेजुएला से कच्चे तेल की खरीद बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

जामनगर इकाई में रूसी तेल की हिस्सेदारी एक तिहाई : हालांकि, इस संबंध में कुछ चुनौतियां भी हैं। जुलाई-सितंबर, 2026 के दौरान जामनगर परिसर में उपयोग होने वाले कुल कच्चे तेल में रूसी तेल की हिस्सेदारी करीब एक-तिहाई थी। विश्लेषकों के मुताबिक, कच्चे तेल की खरीद के स्रोतों में कोई भी बदलाव केवल वैश्विक दबाव पर निर्भर नहीं करेगा, बल्कि यह तेल की कीमतों, ढुलाई लागत, रिफाइनरी की जरूरतों और वैकल्पिक आपूर्ति की उपलब्धता से भी तय होगा।

भारत को कच्चे तेल के परिशोधन में महाशक्ति बताया

मुकेश अंबानी के बड़े पुत्र और जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रबंध निदेशक आकाश अंबानी दूरसंचार कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) की शुरुआत की तैयारियों में जुटे थे। रुबियो जामनगर पहुंचने से एक दिन पहले भारत को कच्चे तेल के परिशोधन के मामले में एक 'महाशक्ति' बताते हुए उससे वेनेजुएला के तेल का अधिक प्रसंस्करण करने का आग्रह कर चुके थे।

अंबानी परिवार से मिले रुबियो

जाने-माने उद्योगपति और रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी के नेतृत्व में अंबानी परिवार के लगभग सभी सदस्यों ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इस मौके पर मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी, बेटी ईशा अंबानी और उनके पति आनंद पीरामल, छोटे बेटे अनंत अंबानी और उनकी पत्नी राधिका मर्चेंट के अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक पीएमएस प्रसाद तथा भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर मौजूद थे।

खबर संक्षेप

एक्सिस बैंक के लाभ में 38 फीसदी का उछाल

रायपुर। देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में शामिल एक्सिस बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया। बैंक का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 38 प्रतिशत बढ़कर 7,003 करोड़ रुपए हो गया। इस वृद्धि में शुद्ध ब्याज आय में अच्छी बढ़ोतरी और संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार का योगदान रहा। बैंक की शुद्ध ब्याज आय 12 प्रतिशत बढ़कर 15,371 करोड़ रुपए और मुख्य परिचालन लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 10,998 करोड़ रुपए हो गया।

ब्रिटेन में महंगाई दर एक साल के उच्चस्तर पर

लंदन। ईरान युद्ध के कारण ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच ब्रिटेन में महंगाई दर सितंबर में बढ़कर करीब एक साल के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों से यह संकेत मिला है कि बैंक ऑफ इंग्लैंड अगले महीने ब्याज दरें बढ़ा सकता है।

आय फाइनेंस का मुनाफा दूसरी तिमाही में दोगुना

नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) आय फाइनेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 86.7 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। एक साल पहले 2025-26 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 34.5 करोड़ रुपये था।

एसएफसी टेक का आईपीओ 27 अक्टूबर को खुलेगा

नई दिल्ली। अपशिष्ट जल शोधन समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का 668 करोड़ रुपये का आईपीओ 27 अक्टूबर को अभिदान के लिए खुलेगा। कंपनी की ओर से बुधवार को जारी सार्वजनिक घोषणा के अनुसार, आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 313-330 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

एसआरएफ के लाभ में 31 फीसदी का उछाल

नई दिल्ली। रसायन बनाने वाली कंपनी एसआरएफ लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत बढ़कर 509.12 करोड़ रुपये हो गया। मध्य प्रदेश में बैटरी-ग्रेड एल्युमीनियम फॉइल विनिर्माण संयंत्र लगाने के लिए 600 करोड़ रुपये के निवेश की भी घोषणा की। 2025-26 की दूसरी तिमाही में 388.18 करोड़ रुपये रहा था। सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 4,929.14 करोड़ रुपये हो गई।

निजी सुरक्षा कुंजियों में गड़बड़ी होने की दी जानकारी

ईमुद्रा के डिजिटल प्रमाणपत्र में गड़बड़ी गूगल व मोज़िला ने कुछ प्रमाणन रोके

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय डिजिटल प्रमाणन कंपनी ईमुद्रा ने अपने कुछ डिजिटल प्रमाणपत्र से जुड़ी निजी सुरक्षा 'कुंजियों' में गड़बड़ी होने की जानकारी दी है। इन 'कुंजियों' का दुरुपयोग कर साइबर अपराधी असली वेबसाइट की नकल करने वाले फर्जी मंच बना सकते हैं और लोगों को धोखे से भुगतान करने के लिए उकसा सकते हैं। साइबर सुरक्षा एजेंसी भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने एक परामर्श में यह जानकारी दी है।

ईमुद्रा कंपनियों और अन्य कारोबारी संस्थाओं को डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र जारी करती है। इन प्रमाणपत्र का इस्तेमाल कई तरह के ऑनलाइन लेनदेन में किया जाता है। इंटरनेट पर वेबसाइट और उपयोगकर्ताओं के बीच भेजी जाने वाली जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए डिजिटल प्रमाणपत्र और सुरक्षा कुंजियों का इस्तेमाल होता है।

कुंजियों का दुरुपयोग साइबर अपराधी कर सकते हैं

असली वेबसाइट की नकल कर फर्जी मंच बना सकते हैं

लोगों को धोखे से भुगतान करने के लिए उकसा सकते हैं

ई-हस्ताक्षर कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ा

ईमुद्रा ने अपने बयान में कहा कि इस घटना का भारत में उसके डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) और ई-हस्ताक्षर कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ा है। हालांकि, कंपनी के वैश्विक टीएलएस कारोबार का एक छोटा हिस्सा प्रभावित हुआ है। सीईआरटी-इन के अनुसार, ईमुद्रा ने बताया कि उसकी सार्वजनिक कुंजी अवसंरचना में आठ मध्यवर्ती प्रमाणन प्राधिकरण प्रमाणपत्रों से जुड़ी निजी सुरक्षा कुंजियों के साथ कुछ गड़बड़ी हुई है।

कुंजी हासिल कर फर्जी प्रमाणपत्र बना सकता है

इनमें छह टीएलएस प्रमाणपत्र और दो सॉफ्टवेयर पर डिजिटल हस्ताक्षर करने के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रमाणपत्र शामिल हैं। निजी सुरक्षा कुंजी का इस्तेमाल डिजिटल प्रमाणपत्र की विश्वसनीयता बनाए रखने में होता है। यदि कोई अनधिकृत व्यक्ति ऐसी कुंजी हासिल कर ले, तो वह उसके जरिये फर्जी प्रमाणपत्र बना सकता है।

भौतिक तथा डिजिटल सुरक्षा उपाय बरकरार : इससे किसी असली वेबसाइट या भुगतान सेवा की नकल करना संभव हो सकता है। ऐसे में लोग यह समझकर फर्जी वेबसाइट पर भुगतान कर सकते हैं कि वे किसी वास्तविक कंपनी की वेबसाइट पर हैं। उसकी प्रणालियों की सुरक्षा से समझौता नहीं हुआ है, कोई डेटा चोरी नहीं हुआ है और कंपनी के भौतिक तथा डिजिटल सुरक्षा उपाय बरकरार हैं।

कंप्यूटर तंत्र में एक खामी है कारण

ईमुद्रा ने बताया कि उसके कंप्यूटर तंत्र में एक खामी के कारण मूल मजबूत सुरक्षा कुंजियों के साथ कुछ कमजोर कुंजियां भी बन गई थीं। एक शोधकर्ता ने एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और मोजिला को सूचित किया था कि कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद से इन कमजोर कुंजियों का पता लगाया जा सकता है।

डोमेन के लिए भी फर्जी प्रमाण पत्र जारी हो सकता है

सीईआरटी-इन ने कहा कि इन निजी कुंजियों तक पहुंच रखने वाला हमलावर ऐसे डोमेन के लिए भी फर्जी प्रमाणपत्र जारी कर सकता है, जिन पर उसका नियंत्रण नहीं है। इन प्रमाणपत्र के जरिये असली वेबसाइट की नकल की जा सकती है और उनके माध्यम से भेजी जाने वाली जानकारी को बीच में रोकने या उसमें बदलाव करने की कोशिश की जा सकती है। इसे 'मैन-इन-द-मिडिल' हमला कहा जाता है।

आरबीआई के हस्तक्षेप से रुपया छह सप्ताह के उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रुपया बुधवार को 48 पैसे मजबूत होकर छह सप्ताह के उच्च स्तर 94.43 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से जुड़े विदेशी मुद्रा प्रवाह और डॉलर की मांग को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।

- रुपया 48 पैसा मजबूत होकर 94.43 प्रति डॉलर

हालांकि घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से रुपये पर दबाव बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.78 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 94.41 के उच्चस्तर तक गया और 94.82 के निचले स्तर तक आया। अंत में यह 94.43 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 48 पैसे की बढ़त है। इससे पहले भारतीय मुद्रा चार सितंबर को इसी स्तर के आसपास बंद हुई थी। रुपया सोमवार को दो पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.91 पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, आईपीओ से जुड़े विदेशी पूंजी प्रवाह और अमेरिकी डॉलर में अपेक्षाकृत कमजोरी से रुपया छह सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गया।

कच्चे तेल ने रुपए की बढ़त सीमित की : हालांकि, घरेलू बाजारों में कमजोरी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने रुपये की तेज बढ़त को सीमित किया। उन्होंने कहा कि डॉलर में कुल मिलाकर कमजोरी और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में नरमी से रुपये में सकारात्मक रुख बने रहने के आसार हैं। चौधरी ने कहा, "डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.20 से 94.80 के दायरे में रह सकता है।

जियो के आईपीओ को मिला पूर्ण अभिदान

गौरतलब है कि जियो प्लेटफॉर्म्स का 30,213 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम बुधवार को अभिदान के लिए खुला। यह आईपीओ 23 अक्टूबर को बंद होगा। 1,065 से 1,119 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरे वाले इस निर्गम को खुलने के 100 मिनट के भीतर ही पूर्ण अभिदान मिल गया।

भारत के सामने रोजगार बढ़ाने की चुनौती : सुब्बाराव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर को सात प्रतिशत या उससे अधिक के स्तर पर बनाए रखने के लिए निजी निवेश बढ़ाने, अधिक रोजगार देने वाले विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, मानव पूंजी में सुधार करने और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ बेहतर एकीकरण की जरूरत है।

सुब्बाराव ने कहा कि चुनौती केवल तेजी से आर्थिक वृद्धि हासिल करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि वृद्धि से उत्पादकता बढ़े, अधिक रोजगार पैदा हों और अर्थव्यवस्था झटकों का सामना करने में सक्षम बने। उन्होंने कहा, पहली तिमाही में भारत की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर बताती है कि अर्थव्यवस्था कई लोगों की उम्मीद से अधिक मजबूत है। मैं मध्यम अवधि में भारत की संभावनाओं को लेकर आशावादी हूं, लेकिन निश्चिंत नहीं हूं। विश्व बैंक ने हाल ही में चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान अप्रैल के अपने अनुमान से 0.5 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया था। इसके पीछे वैश्विक चुनौतियों के बावजूद घरेलू मांग में मजबूती और निर्यात में अच्छी वृद्धि को वजह बताया गया था।

- अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर को सात फीसदी बनाए रखना होगा
- निजी निवेश और रोजगार देने वाले विनिर्माण को देना होगा प्रोत्साहन

शिक्षित युवाओं को रोजगार पाने में कठिनाई हो रही

सुब्बाराव ने कहा कि कृषि क्षेत्र में लाखों कामगार अपनी क्षमता के अनुरूप काम नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां असंगठित क्षेत्र में हैं, जिनमें उत्पादकता कम है और वेतन भी कम मिलता है। सुब्बाराव ने कहा कि शिक्षित युवाओं को भी उपयुक्त रोजगार पाने में कठिनाई हो रही है, क्योंकि अर्थव्यवस्था उनकी योग्यता और कौशल के अनुरूप पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर पा रही है।

रिलायंस की रिफाइनिंग क्षमता का लाभ लेने की कोशिश में अमेरिका

- अंबानी परिवार से मिलने जामनगर पहुंचे रुबियो
- दुनिया की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी का किया दौरा

एजेंसी ▶▶| जामनगर (गुजरात)

उद्योगपति मुकेश अंबानी के परिवार के लगभग सभी सदस्यों ने बुधवार को जामनगर में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो का स्वागत किया। रुबियो ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की एक ही स्थान पर स्थित दुनिया की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी का दौरा किया।

रुबियो जामनगर पहुंचने से एक दिन पहले भारत को कच्चे तेल के शोधन के मामले में एक ''महाशक्ति'' बता चुके हैं और उन्होंने यहां वेनेजुएला के कच्चे तेल का अधिक प्रसंस्करण करने की वकालत की थी। इस दिन के कार्यक्रम में रिलायंस के वनतारा पशु बचाव केंद्र और समूह द्वारा विकसित की जा रही विशाल विनिर्माण इकाइयों का दौरा भी शामिल था। विश्लेषकों के अनुसार, इस दौरे ने भारत-अमेरिका ऊर्जा कूटनीति के केंद्र में एक निजी औद्योगिक समूह को ला दिया है। अधिकारियों ने अंबानी परिवार की मेजबानी में आयोजित कार्यक्रम को ''निजी दौरा'' बताया है। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका में मध्यावधि चुनावों से पहले डीजल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। दोनों पक्षों की ओर से दौरे का कोई विवरण जारी नहीं किया गया। दौरे से परिचित लोगों के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी, उनकी पत्नी नीता और बच्चों ईशा तथा अनंत ने रुबियो का स्वागत किया।

फसाई का नेस्ले इंडिया और जायडस वेलनेस को नोटिस

नई दिल्ली। खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने कुछ उत्पादों में 'भ्रामक दावों' को लेकर नेस्ले इंडिया और जायडस वेलनेस को नोटिस जारी किए हैं। नियामक ने कंपनियों से अपने विज्ञापनों में किए गए दावों के समर्थन में वैज्ञानिक प्रमाण पेश करने को कहा है। एफएसएसएआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि उसने नेस्ले इंडिया को उसके दो खाद्य उत्पादों 'लैक्टोजेन प्रो 1 पाउडर' और 'नैन एक्ससेला प्रो स्टेज 1' के प्रचार में भ्रामक दावों और नियमों के अनुरूप नहीं होने वाले विज्ञापनों को लेकर नोटिस जारी किए हैं। नियामक ने जायडस वेलनेस प्रोडक्ट्स लिमिटेड को भी उसके खाद्य उत्पाद 'कॉम्प्लान' के संबंध में भ्रामक दावों और विज्ञापनों को लेकर नोटिस दिया है।

- अमेरिकी बांड में तेज प्रतिफल से धारणा प्रभावित

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 143 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 143 अंक टूट गया। वहीं एनएसई निफ्टी 78 अंक नीचे आया। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और अमेरिकी बांड प्रतिफल में तेजी के बीच बिजली, बैंक तथा वित्तीय शेयरों में बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 143.21 अंक टूटकर 73,709.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई और सेंसेक्स एक समय 829.29 अंक चढ़कर 74,682.19 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया। तेज बढ़त के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की, जिससे सेंसेक्स 1,450 अंक से अधिक टूटकर दिन के निचले स्तर 73,229.45 अंक पर आ गया। हालांकि, कारोबार के अंतिम चरण में हुई कुछ लिवाली से नुकसान कम हुआ।

अदाणी ग्रीन एनर्जी का मुनाफा 16 फीसदी बढ़ा...

नई दिल्ली। अदाणी ग्रीन एनर्जी का सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 747 करोड़ रुपये हो गया। बिजली आपूर्ति कारोबार से मजबूत राजस्व वृद्धि से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। अदाणी समूह की इस कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 644 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई नियामकीय सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान उसकी कुल आय 39 प्रतिशत बढ़कर 4,520 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,249 करोड़ रुपये थी। कुल आय में बिजली आपूर्ति कारोबार का योगदान 4,019 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के 2,776 करोड़ रुपये से 45 प्रतिशत अधिक है।

यात्री वाहन खंड में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई

नवरात्र में वाहन पंजीकरण 6.5 प्रतिशत घटा : फाडा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल नवरात्र के दौरान देश में वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत घटकर 11.23 लाख इकाई रह गया। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) के शुरुआती आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। फाडा के अनुसार, यात्री वाहनों की श्रेणी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

- वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर खंड में अच्छी बिक्री दर्ज

इस गिरावट की एक प्रमुख वजह पिछले साल का ऊंचा आधार प्रभाव है। पिछले साल नवरात्र के पहले दिन ही माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती लागू हुई थी, जिससे वाहन खरीदने के लिए शोरूम में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। फाडा के 21 अक्टूबर को साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस साल 11 से 20 अक्टूबर के दौरान नवरात्र में कुल 11.23 लाख वाहनों का खुदरा पंजीकरण हुआ।

मारुति में वाहनों की आपूर्ति पिछले साल के बराबर

मारुति सुजुकी के विपणन एवं बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी ने कहा, ''इस साल नवरात्र के दौरान वाहनों की आपूर्ति पिछले साल के लगभग बराबर रही। यह पिछले साल के स्तर का करीब 98 प्रतिशत है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने कहा कि ग्राहकों की धारणा में सुधार के बीच उसके शोरूम में आने वाले ग्राहकों, पूछताछ, बुकिंग और वाहनों की आपूर्ति में मजबूत मांग देखने को मिल रही है।

उत्पादन क्षमता की सीमा के कारण अधिक वाहनों की आपूर्ति नहीं : देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी ने कहा कि इस साल नवरात्र के दौरान उसकी वाहनों की आपूर्ति पिछले साल के लगभग बराबर रही। कंपनी ने कहा कि उत्पादन क्षमता की सीमाओं के कारण इससे अधिक वाहनों की आपूर्ति नहीं हो सकी।

टाटा ने दशहरे दिन 10 हजार से अधिक वाहन बेचे

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अमित कामत ने कहा, ''नवरात्र के दौरान ग्राहकों की प्रतिक्रिया विशेष रूप से उत्साहजनक रही। इस अवधि में 50,000 से अधिक वाहनों की आपूर्ति की गई, जिनमें अकेले दशहरा के दिन 10,000 से अधिक वाहन शामिल हैं।''

दोपहिया वाहनों के पंजीकरण में गिरावट

पिछले साल 22 सितंबर से दो अक्टूबर के दौरान नवरात्र के समय यह आंकड़ा 12.01 लाख इकाई था। वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों में पंजीकरण घटा। यात्री वाहनों का पंजीकरण 21.9 प्रतिशत घटकर 1.83 लाख इकाई रह गया, जबकि दोपहिया वाहनों का पंजीकरण 2.8 प्रतिशत गिरकर 8.34 लाख इकाई पर आ गया।

दबी मांग का बड़ा हिस्सा पूरा हुआ

फाडा के अध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा, ''नवरात्र 2025 की तुलना में इस साल 6.52 प्रतिशत की मामूली गिरावट मुख्य रूप से तुलनात्मक आधार के कारण है। पिछले साल नवरात्र 10 दिन के बजाय 11 दिन चला था और इसी दौरान जीएसटी 2.0 लागू हुआ था। इससे पहले से दबी मांग का बड़ा हिस्सा एक असाधारण अवधि में पूरा हुआ था।''

इटर्नल का मुनाफा दोगुना होकर 125 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटर्नल का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग दोगुना होकर 125 करोड़ रुपये रहा है। 2025-26 की दूसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 65 करोड़ रुपये था। बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व बढ़कर 24,138 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 13,590 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी का कुल खर्च भी बढ़कर 24,166 करोड़ रुपये हो गया।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415